# APRIL 2025 (QUIZ-HINDI)





# MONTHLY CURRENT AFFAIRS MAGAZINE








## Todaysprint.com

1. हालिया रिपोर्ट के अनुसार भारत की सबसे अमीर महिला कौन है ?

A - रोशनी नाडर

B - नीता अंबानी

C - नमिता थापर

D - विनीता सिंह

एचसीएल टेक्नोलॉजीज की अध्यक्ष रोशनी नाडर हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट 2025 मे दुनिया की शीर्ष 10 सबसे अमीर महिलाओं मे जगह बनाने वाली पहली भारतीय बनीं। ₹3.5 लाख करोड़ की संपत्ति के साथ वह भारत की सबसे धनी महिला और तीसरी सबसे अमीर व्यक्ति बन गई है। यह उपलब्धि उन्हे पिता शिव नाडर की 47% हिस्सेदारी हस्तांतरित होने के बाद मिली। भारत मे मुकेश अंबानी (₹8.6 लाख करोड़) सबसे अमीर है



2. 'सहकार टैक्सी' की घोषणा किस मंत्रालय द्वारा की गयी ?

A - वित्त मंत्रालय

B - गृह मंत्रालय

C - परिवहन मंत्रालय

D - पंचायती राज मंत्रालय

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा मे 'सहकार टैक्सी' सेवा शुरू करने की घोषणा की, जिससे टैक्सी, बाइक और ऑटो चालकों को सीधा लाभ मिलेगा। यह सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से पंजीकरण की सुविधा देगी और ड्राइवरों की आय बढ़ाएगी। सरकार एक डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित कर रही है, जिसमे पारदर्शी मूल्य निर्धारण होगा और यात्री किफायती दरों पर कैब बुक कर सकेगें।




3. भारत ने 'परमाणु मिशन' के तहत 2047 तक कितनी गीगावाट परमाणु ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य रखा है ?

A - 200 गीगावाट

B - 150 गीगावाट

C - 100 गीगावाट

D - 250 गीगावाट

प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी की अगुवाई मे भारत ने 'परमाणु मिशन' शुरू किया, जिसका लक्ष्य 2047 तक 100 गीगावॉट परमाणु ऊर्जा उत्पादन है। पहली बार निजी कंपनियों को इस क्षेत्र मे निवेश की अनुमति दी गई है, जिससे विकास तेज होगा। छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर (SMR) दूर-दराज के क्षेत्रों को बिजली प्रदान करेगें।



4. नाग मिसाइल सिस्टम (NAMIS) ट्रैक्ड संस्करण लगभग कितने हल्के वाहनों की खरीद से संबंधित है ?

A - 5000

B - 6000

C - 7000

D - 10000

रक्षा मंत्रालय ने 2,500 करोड़ रुपये के सौदे को मंजूरी दी, जिसमे NAMIS (ट्रैक्ड) हथियार प्रणाली और 5,000 हल्के वाहनों की खरीद शामिल है। NAMIS, DRDO द्वारा विकसित, 1,801.34 करोड़ रुपये मे आर्मर्ड व्हीकल निगम लिमिटेड से खरीदी जाएगी और टैकं रोधी क्षमता बढ़ाएगी। 5,000 हल्के वाहनों के लिए फोर्स मोटर्स और महिंद्रा एंड महिंद्रा के साथ अनुबंध हुआ।



VISIT OUR WEBSITE

**5. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कब मनाया जाता है ?**

A - 21 मई
B - 21 अप्रेल
C - 6 अप्रेल
**D - 21 जून**

प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी ने "मन की बात" मे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (IDY) 2025 की थीम "योग फॉर वन अर्थ - वन हेल्थ" की घोषणा की। यह आयोजन IDY की संयुक्त राष्ट्र मान्यता के 10 वर्ष पूरे होने का प्रतीक है। इस वर्ष 10,000 स्थानों पर सामूहिक योग, 10 देशों मे प्रमुख स्थलों पर सत्र, 1,000 योग पार्कों की स्थापना और "संयोगम" अभियान समेत कई पहले होंगी।



**6. नई दिल्ली मे आयोजित राष्ट्रीय पर्यावरण सम्मेलन 2025 का उद्घाटन किसने किया ?**

**A - द्रौपदी मुर्मू**
B - नरेद्रं मोदी
C - अमित शाह
D - भूपेद्रं यादव

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 29 मार्च 2025 को नई दिल्ली मे रांष्ट्रीय पर्यावरण सम्मेलन का उद्घाटन किया, जो 30 मार्च को समाप्त होगा। समापन सत्र मे उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मुख्य अतिथि होंगे, जबकि सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश पी.एस. नरसिम्हा और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता भी अपने विचार प्रस्तुत करेगें। यह सम्मेलन पर्यावरण कानूनों और उनके कार्यान्वयन पर केद्रित है



**7. इंडियन ओपन 2025 पीएसए कॉपर प्रतियोगिता का महिला खिताब किसने जीता ?**

**A - अनाहत सिंह**
B - प्रिया भांबू
C - करीम टॉर्की
D - एलिस पेरी

भारत की शीर्ष स्क्वैश खिलाड़ी अनाहत सिंह ने मुंबई मे इंडियन ओपन 2025 पीएसए कॉपर प्रतियोगिता मे महिला एकल खिताब जीता। यह उनकी लगातार दूसरी जीत थी, क्योंकि इससे पहले उन्होंने चेन्नई मे एंसआरएफआई इंडियन टूर पीएसए चैलेजंर प्रतियोगिता का खिताब जीता था। पुरुषों का खिताब मिस्त्र के करीम एल टॉर्की ने जीता। 24 से 28 मार्च 2025 तक बॉम्बे जिमखाना कोर्ट मे आयोजित इस टूर्नामेटं की पुरस्कार राशि 53,500 डॉलर थी।



**8. 37वे कथक महोत्सव 2025 का आयोजन कहां किया गया ?**

A - जयपुर
**B - नई दिल्ली**
C - भोपाल
D - वाराणसी

नई दिल्ली स्थित संगीत नाटक अकादमी के अधीन कथक केद्रं द्वारा आयोजित 37वां कथक महोत्सव 2025 सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। यह 6 दिवसीय आयोजन विशेष रहा, क्योंकि इसमे पंहली बार "कथक साहित्य महोत्सव" को शामिल किया गया। महोत्सव मे सेमिनार, प्रदर्शनी और लखनऊ, जयपुर, बनारस व रायगढ़ घरानों के प्रमुख कलाकारों की प्रस्तुतियां हुईं।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**9. ग्लोबल एस्ट्रोमेट्रिक इंटरफेरोमीटर फॉर एस्ट्रोफिजिक्स (Gaia) को कब लॉन्च किया गया था ?**

**A - 19 दिसंबर, 2013** B - 20 जनवरी, 2014

C - 6 अप्रैल, 2010 D - 10 मार्च, 2011

27 मार्च, 2025 को यूरोपीय अंतरिक्ष एजेसी (ESA) ने 'Gaia' अंतरिक्ष वेधशाला मिशन को बंद करने की घोषणा की। यह मिशन आकाशगंगा का त्रि-आयामी मानचित्रण करने के लिए लॉन्च किया गया था। 2013 मे शुरू हुए इस मिशन ने दो अरब से अधिक तारों और खगोलीय पिंडों की स्थिति और गति का सटीक मानचित्रण किया।



**10. अभ्यास 'टाइगर ट्रायम्फ' युद्धाभ्यास किन देशों के मध्य आयोजित किया जाता है ?**

A - भारत व ऑस्ट्रेलिया **B - भारत व अमेरिका**

C - भारत व रूस D - भारत व नेपाल

भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय त्रिसैन्य मानवीय सहायता और आपदा राहत (HADR) अभ्यास 'टाइगर ट्रायम्फ' का चौथा संस्करण 1-7 अप्रैल 2025 तक विशाखापत्तनम मे आयोजित होगा। इसका उद्देश्य HADR गतिविधियों मे सहयोग को मजबूत करना और संयुक्त समन्वय केंद्र के लिए मानक संचालन प्रक्रियाएं स्थापित करना है। भारतीय नौसेना के जहाज जलाशय, घड़ियाल, मुंबई और शक्ति, साथ ही सेना, वायु सेना और अमेरिकी नौसेना के जहाज कॉम्स्टॉक और राल्फ जॉनसन इसमे भाग लेगें।



**11. नीति "नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (NCAER) राज्य आर्थिक मंच" पोर्टल की शुरुआत किसके द्वारा की जाएगी ?**

A - प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी **B - वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण**

C - गृहमंत्री अमित शाह D - विदेशमंत्री एस. जयशंकर

नीति आयोग और राष्ट्रीय आर्थिक और सामाजिक शोध परिषद (NCAER) ने मिलकर "नीति NCAER राज्य आर्थिक मंच" नामक नया पोर्टल लॉन्च किया है, जो 1990-91 से 2022-23 तक के सामाजिक, आर्थिक और राजकोषीय मापदंडों का एक व्यापक डेटाबेस प्रदान करेगा। यह पोर्टल 1 अप्रैल 2025 को वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा शुरू किया जाएगा।



**12. कौनसा देश बहुराष्ट्रीय इनीयोकॉस वायु सेना अभ्यास का आयोजन करता है ?**

A - नेपाल B - इटली

**C - ग्रीस** D - निकारागुआ

भारतीय वायुसेना की एक टुकड़ी ग्रीस के एंड्राविडा हवाई अड्डे पर 31 मार्च से 11 अप्रैल 2025 तक आयोजित बहुराष्ट्रीय इनीयोकॉस-25 अभ्यास मे भाग ले रही है। यह भारतीय वायुसेना का इस अभ्यास मे दूसरा वर्ष है। वायुसेना ने सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान और आईएल-78, सी-17 परिवहन विमान भेजे है। इस वर्ष 15 देशों की वायु सेनाएँ भाग ले रही है



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**13. भारतीय रिज़र्व बैकं (RBI) का राष्ट्रीयकरण कब किया गया था ?**

A - 1 जनवरी - 1950
B - 6 फरवरी - 1952
C - 9 जुलाई - 1956
**D - 1 जनवरी – 1949**

भारतीय रिज़र्व बैकं (RBI) की स्थापना 1 अप्रैल 1935 को भारतीय रिज़र्व बैकं अधिनियम, 1934 के तहत हुई। पहले, केंद्रीय बैकं के कार्य इंपीरियल बैकं ऑफ इंडिया (1921) द्वारा किए जाते थे। हिल्टन यंग कमीशन की सिफारिश पर RBI बना, जिसका केंद्रीय कार्यालय 1937 मे कोलकाता से मुंबई स्थानांतरित हुआ। 1949 मे इंसका राष्ट्रीयकरण हुआ।



**14. कौनसा भारतीय शहर 12वे पुंरुष हॉकी एशिया कप 2025 की मेजबानी करेगा ?**

**A - राजगीर, बिहार**
B - जोधपुर, राजस्थान
C - मथुरा, उत्तरप्रदेश
D - भोपाल, मध्यप्रदेश

राजगीर, बिहार 29 अगस्त से 7 सितंबर 2025 तक 12वे पुंरुष एशिया कप हॉकी टूर्नामेटं की मेजबानी करेगा। यह दूसरी बार है जब राजगीर और भारत इस टूर्नामेटं की मेजबानी कर रहे है, इससे पहले 2007 मे चेन्नई मे आयोजन हुआ था। हॉकी इंडिया को एशियाई हॉकी महासंघ ने मेजबानी के अधिकार दिए, और 31 मार्च 2025 को बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के साथ समझौता ज्ञापन हुआ।




**15. अभी हाल ही मे किस टेनिस खिलाड़ी ने मियामी ओपन 2025 का खिताब जीता है ?**

A - जैस्मिन पाओलिनी
**B - आर्याना सबालेकं**
C - झेग किनवेन
D - जेसिका पेगुला

आर्यना सबालेकं ने मियामी ओपन 2025 का खिताब जीतकर अपनी श्रेष्ठता साबित की। फाइनल मे उंन्होंने जेसिका पेगुला को 7-5, 6-2 से हराकर अपना पहला मियामी ओपन और कुल 19वां WTA खिताब जीता। यह उनका तीसरा ग्रैडं स्लैम और आठवां WTA 1000 खिताब है। पूरे टूर्नामेटं मे उंन्होंने एक भी सेट नहीं गंवाया और तीन टॉप-10 खिलाड़ियों को हराया।



**16. अभी हाल ही मे आंध्रप्रदेश सरकार द्वारा किस इतिहासकार को "उगादि पुरस्कार" से सम्मानित किया है ?**

**A - मायना स्वामी**
B - घनश्याम स्वामी
C - चिरंजीवी
D - रामचंद्र गुहा

आंध्र प्रदेश सरकार ने इतिहासकार और पुरातत्वविद मायना स्वामी को उगादी पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की। उन्हे ऐतिहासिक अनुसंधान और अभिलेखीय अध्ययन मे उत्कृष्ट योगदान के लिए चुना गया है। उन्होंने विजयनगर साम्राज्य और लेपाक्षी वीरभद्र मंदिर से जुड़े शिलालेखों की खोज और विश्लेषण किया।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

17. देबरीगढ़ वन्यजीव अभयारण्य किस राज्य मे स्थित है ?

A - ओडिशा

B - मध्यप्रदेश

C - कर्नाटक

D - तमिलनाडु

ओडिशा के देबरीगढ़ वन्यजीव अभयारण्य मे हीराकुंड वन्यजीव विभाग ने पहली बार भारतीय बाइसन महोत्सव आयोजित किया, जिसका उद्देश्य इनके संरक्षण और स्थानीय समुदायों की भागीदारी बढ़ाना था। नवंबर 2024 की जनगणना मे यहाँ 669 भारतीय बाइसन दर्ज किए गए, जिनमे 30% किशोर थे, जो उनकी बढ़ती आबादी का संकेत है। देबरीगढ़ अभयारण्य, बरगढ़ जिले मे हीराकुंड जलाशय के पास स्थित है



18. भारत मे नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन की क्षमता किस राज्य मे है ?

A - महाराष्ट्र

B - राजस्थान

C - गुजरात

D - कर्नाटक

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) ने "ऊर्जा सांख्यिकी भारत 2025" जारी की, जिसमे भारत की ऊर्जा भंडार, उत्पादन, खपत और आयात-निर्यात संबंधी जानकारी शामिल है। वित्त वर्ष 2023-24 मे कुंल प्राथमिक ऊर्जा आपूर्ति मे 7.8% की वृद्धि दर्ज की गई। 31 मार्च 2024 तक भारत की नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन क्षमता 21,09,655 मेगावाट रही, जिसमे पंवन ऊर्जा का 55% योगदान रहा।



19. रामायण कॉन्क्लेव 2025 का आयोजन कहाँ किया गया ?

A - अयोध्या

B - बैगंलोर

C - कोलंबो

D - रामेश्वरम

श्रीलंका मे अंतर्राष्ट्रीय रामायण और वैदिक अनुसंधान संस्थान ने कोलंबो के स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक केद्रं मे रामायण कॉन्क्लेव आयोजित किया। इसमे विद्वानों ने भगवान राम के वैश्विक प्रभाव और श्रीलंका मे रामायण के महत्व पर चर्चा की। सम्मेलन मे सीता एलिया, मनावरी मंदिर और मुन्नेश्वरम मंदिर जैसे रामायण से जुड़े स्थलों का विशेष उल्लेख हुआ।



20. टेककृति 2025 किस संस्थान द्वारा आयोजित किया गया ?

A - IIT खड़गपुर

B - IIT दिल्ली

C - IIT मद्रास

D - IIT कानपुर

आईआईटी कानपुर मे एंशिया के सबसे बड़े तकनीकी और उद्यमशीलता महोत्सव टेककृति 2025 का 31वां संस्करण “पंता रे” थीम पर आधारित होकर भव्य रूप से शुरू हुआ। चीफ ऑफ डिफेसं स्टाफ जनरल अनिल चौहान मुख्य अतिथि थे। इस वर्ष रक्षा प्रौद्योगिकी का विशेष प्रदर्शन किया गया और "रक्षाकृति" के माध्यम से रक्षा बलों को श्रद्धांजलि दी गई।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

21. अभी हाल ही मे Frame 2 मिशन किसके द्वारा लॉन्च किया गया है ?

A - ISRO
B - SpaceX
C - तियांगगोंग
D - ROSCOSMOS

SpaceX ने 31 मार्च 2025 को Frame 2 मिशन सफलतापूर्वक लॉन्च किया, जो पृथ्वी की ध्रुवीय कक्षा मे जाने वाला पहला मानव अंतरिक्ष मिशन है। यह मिशन नासा के केनेडी स्पेस सेटंर से फाल्कन 9 रॉकेट द्वारा प्रक्षेपित हुआ। इसमे पूरी तरह नागरिकों की टीम शामिल है, जो 90-डिग्री पोलर ऑर्बिट मे 3-5 दिनों तक यात्रा करेगी और 22 वैज्ञानिक प्रयोग करेगी, जिनमे एंक्स-रे परीक्षण और माइक्रोग्रैविटी मे मशरूम उगाने का अध्ययन शामिल है।




22. गोल्ड मर्करी इंटरनेशनल अवॉर्ड की स्थापना कब की गयी ?

A - वर्ष 1961
B - वर्ष 1962
C - वर्ष 1963
D - वर्ष 1964

14वे दंलाई लामा तेनजिन ग्यात्सो को 2025 का गोल्ड मर्करी पुरस्कार 90 वर्षीय तिब्बती आध्यात्मिक नेता तेनजिन ग्यात्सो, जो 14वे दंलाई लामा के रूप मे प्रंसिद्ध है, को 31 मार्च 2025 को धर्मशाला स्थित उनके निवास पर गोल्ड मर्करी पुरस्कार प्रदान किया गया। यह सम्मान उन्हे शांति, अहिंसा, ज्ञान संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने मे उनके योगदान के लिए दिया गया।



23. सीनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप के 21वे संस्करण मे भारत के लिए एकमात्र स्वर्ण पदक किसने जीता ?

A - रितिका हुड्डा
B - मनीषा भानवाला
C - अंतिम पंघाल
D - मुस्कान

भारत ने 2025 सीनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप मे 10 पदक (1 स्वर्ण, 3 रजत, 6 कांस्य) जीतकर अपना अभियान समाप्त किया। मनीषा भानवाला ने 62 किग्रा महिला वर्ग मे स्वर्ण पदक हासिल किया। यह चैंपियनशिप 25-30 मार्च 2025 तक जॉर्डन की राजधानी अम्मान मे यूंनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग द्वारा आयोजित की गई थी।



24. शर्ली बोचवे, जिन्होंने राष्ट्रमंडल राष्ट्रों के नए महासचिव के रूप मे पंदभार ग्रहण किया है वह किस देश से है ?

A - घाना
B - जिम्बाब्वे
C - केन्या
D - नाइजीरिया

शर्ली बोचवे 1 अप्रैल 2025 को राष्ट्रमंडल राष्ट्रों की महासचिव बनने वाली पहली अफ्रीकी महिला बनीं। उन्होंने डोमिनिका की पेट्रीसिया स्कॉटलैंड का स्थान लिया। राष्ट्रमंडल 56 स्वतंत्र देशों का संघ है, जो कभी ग्रेट ब्रिटेन के उपनिवेश थे। बोचवे 2024 मे संमोआ मे हुंई राष्ट्रमंडल शासनाध्यक्षों की बैठक मे महासचिव चुनी गई थीं और उनका कार्यकाल चार वर्षों का होगा।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

25. विकसित भारत युवा संसद 2025" का आयोजन कहाँ किया जायेगा ?

A - नई दिल्ली
B - पुणे
C - भोपाल
D - जयपुर

विकसित भारत युवा संसद 2025 का आयोजन 1 से 3 अप्रैल 2025 तक नई दिल्ली मे हो रहा है, जिसका नेतृत्व केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया कर रहे है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को राजनीति और सार्वजनिक नीति से जोड़ना और शासन मे उनकी भागीदारी बढ़ाना है। यह आयोजन तीन चरणों मे संपन्न हो रहा है। पहले चरण मे 300 जिलों मे संवाद आयोजित किए गए, जिसमे 75,000 से अधिक युवाओं ने भाग लिया।




26. अभी हाल ही मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्राइवेट सेक्रेटरी के रूप मे किसे नियुक्त किया गया है ?

A - अपाला मिश्रा
B - निधि तिवारी
C - मुस्कान जिंदल
D - तुषार सिंघला

भारतीय विदेश सेवा (IFS) अधिकारी निधि तिवारी को प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी का निजी सचिव नियुक्त किया गया है। यह पद प्रधानमंत्री के प्रशासनिक कार्यों, बैठकों, नीतिगत फैसलों और दस्तावेजों के प्रबंधन मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। निजी सचिव की नियुक्ति आमतौर पर IAS, IFS या IRS के वरिष्ठ अधिकारियों मे से की जाती है, जिसमे DoPT और PMO की भूमिका होती है।



27. अभी हाल ही मे नेशनल हैडंबाल चैम्पियनशिप का खिताब किसने जीता है ?

A - राजस्थान
B - मध्यप्रदेश
C - उत्तरप्रदेश
D - तमिलनाडु

उत्तर प्रदेश ने 47वीं राष्ट्रीय जूनियर बालिका हैडंबॉल चैम्पियनशिप जीतकर इतिहास रच दिया, फाइनल मे हिमाचल प्रदेश को हराकर पहली बार यह खिताब जीता। यह चैम्पियनशिप 26-30 मार्च 2025 तक लखनऊ के के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम मे आयोजित हुई, जो उत्तर प्रदेश हैडंबॉल एसोसिएशन के 50वे स्थापना दिवस का हिस्सा थी। इस आयोजन मे विभिन्न राज्यों की युवा खिलाड़ी शामिल हुई।




28. पूनम गुप्ता को अभी हाल ही मे किस महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया गया है ?

A - भारतीय राजदूत
B - विदेश मंत्रालय मे संचिव
C - BCCI मे संचिव
D - RBI मे डिप्टी गवर्नर

भारतीय रिज़र्व बैकं (RBI) ने पूनम गुप्ता को नया डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया, जो माइकल पात्रा का स्थान लेगी। उनका कार्यकाल संभावित रूप से तीन वर्षों का होगा। पूनम गुप्ता एक प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री है और NCAER की महानिदेशक, EAC-PM की सदस्य व 16वे वित्त आयोग की सलाहकार परिषद की संयोजक रही है। उन्होंने IMF, विश्व बैकं और भारत की G-20 अध्यक्षता मे भी अहम भूमिका निभाई।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

29. अप्रैल -2025 मे किस देश ने संयुक्त राष्ट्र के सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के लिए भारत की उम्मीदवारी का समर्थन किया है ?

A - चिली
B - पेरु
C - ऑस्ट्रेलिया
D - अमेरिका

चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक फॉन्ट 1-6 अप्रैल 2025 तक अपनी पहली आधिकारिक भारत यात्रा पर थे। उन्होंने दिल्ली, आगरा, मुंबई और बेंगलुरु का दौरा किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू व विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की। यात्रा के दौरान अंटार्कटिक सहयोग, आपदा प्रबंधन, सांस्कृतिक आदान-प्रदान (2024-2028) और खनन सहयोग सहित चार समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए।



30. किस राज्य सरकार ने अप्रैल -2025 मे चार दिवसीय "स्कूल चले हंम" अभियान शुरू किया है ?

A - उत्तरप्रदेश
B - मध्यप्रदेश
C - छत्तीसगढ़
D - तमिलनाडु

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 1 अप्रैल 2025 को भोपाल मे "स्कूल चले हंम अभियान" शुरू किया, जिसका उद्देश्य स्कूलों मे नामांकन बढ़ाना और छात्रों को समय पर पाठ्यपुस्तके उपलब्ध कराना है। 1 से 4 अप्रैल तक चलने वाले इस अभियान मे कक्षा 1-12 के छात्रों को 5.6 करोड़ पाठ्यपुस्तके, 1.2 करोड़ आधारभूत कार्यपुस्तिकाएँ और 26 लाख ब्रिज कोर्स पुस्तके निःशुल्क दी जाएंगी।



31. 'सरहुल महोत्सव' मुख्य रूप से किस क्षेत्र की जनजाति द्वारा मनाया जाता है ?

A - झारखण्ड व छोटानागपुर
B - राजस्थान
C - उत्तराखण्ड
D - हिमाचल प्रदेश

झारखंड और छोटा नागपुर आदिवासी क्षेत्रों मे 1 अप्रैल को सरहुल उत्सव मनाया गया, जो नव वर्ष और वसंत के आगमन का प्रतीक है। यह आदिवासी समुदाय का प्रमुख पर्व है, जिसमे साल वृक्ष की पूजा की जाती है और इसे प्रकृति पूजा से जोड़ा जाता है। यह उत्सव झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, बिहार और नेपाल, बांग्लादेश व भूटान के आदिवासी समुदायों द्वारा मनाया जाता है। तीन दिवसीय पूजा के बाद सामुदायिक भोज होता है



32. अभी हाल ही मे 'शून्य गरीबी पी 4 पहल' किस राज्य सरकार द्वारा शुरू की गयी है ?

A - आंध्रप्रदेश
B - पंजाब
C - हरियाणा
D - झारखण्ड

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने उगादी के अवसर पर 'स्वर्ण आंध्र विजन 2047' के तहत 'शून्य गरीबी– पी4' पहल शुरू की, जिसका लक्ष्य 2029 तक राज्य को गरीबी मुक्त बनाना है। पी4 मॉडल (पब्लिक-प्राइवेट पीपल पार्टनरशिप) के तहत राज्य की सबसे धनी 10% आबादी को सबसे गरीब 20% परिवारों की सहायता के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

33. नेशनल एजुकेशन सोसाइटी फॉर ट्राइबल स्टूडेट्ंस (NESTS) की स्थापना कब हुई ?

A - वर्ष 2019 | B - वर्ष 2018

C - वर्ष 2020 | D - वर्ष 2021

नेशनल एजुकेशन सोसाइटी फॉर ट्राइबल स्टूडेट्ंस (NESTS) ने अपना 7वां स्थापना दिवस आकाशवाणी भवन, दिल्ली मे मनाया। वर्ष 2019 मे जनजातीय कार्य मंत्रालय के अंतर्गत स्थापित इस संस्था का उद्देश्य आदिवासी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। NESTS देशभर मे 477 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (EMRS) संचालित कर रहा है, जिनमे 1.38 लाख से अधिक छात्र अध्ययनरत है और 9,075 शिक्षक व स्टाफ कार्यरत है।



34. 'हनतलंगपुई'स्वच्छता अभियान किस राज्य से संबंधित है ?

A - नागालैडं | B - प. बंगाल

C - मिजोरम | D - असम

मिजोरम की राजधानी आइजोल मे 'हनतलंगपुई' नामक एक वर्षभर चलने वाला स्वच्छता अभियान शुरू किया गया है। यह आइजोल नगर निगम, शहरी विकास और गरीबी उन्मूलन विभाग तथा केद्रीय युवा मिजो एसोसिएशन (CYMA) के सहयोग से संचालित हो रहा है। इसका उद्देश्य आइजोल को सभी मौसमों मे स्वच्छ और सुंदर बनाए रखना है। अभियान के तहत सार्वजनिक स्थलों, सड़कों और जल निकायों की सफाई की जा रही है



35. अभी हाल ही मे 'उत्तम चावल' योजना किस राज्य सरकार द्वारा आरंभ की गयी ?

A - तमिलनाडु | B - केरल

C - कर्नाटक | D - तेलंगाना

तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने उगादी पर्व के अवसर पर सूर्यपेट जिले के हुजूर नगर मे उत्तम चावल वितरण योजना की शुरुआत की। यह भारत की पहली ऐसी योजना है जिसमे पात्र नागरिकों को मुफ्त मे उच्च गुणवत्ता वाला चावल दिया जाएगा। इसके तहत प्रत्येक पात्र राशनकार्ड धारक को प्रति व्यक्ति प्रति माह 6 किलोग्राम उत्तम चावल मिलेगा। योजना से लगभग 3 करोड़ लोग (राज्य की 85% आबादी) लाभान्वित होंगे।



36. साइबर अपराधों को रोकने हेतु किस संस्थान द्वारा साइबर कमांडो के पहले बैच का प्रशिक्षण पूरा किया है ?

A - IIT दिल्ली | B - IIT कानपुर

C - IIT मद्रास | D - IIT खड़गपुर

IIT मद्रास प्रवर्तक टेक्नोलॉजी फाउंडेशन ने 1 अप्रैल 2025 को साइबर कमांडोज के पहले बैच का प्रशिक्षण पूरा किया। यह केद्रीय गृह मंत्रालय की पहल है, जिसका उद्देश्य कानून प्रवर्तन अधिकारियों को उन्नत साइबर सुरक्षा तकनीकों से लैस करना है। छह महीने के इस आवासीय कार्यक्रम मे 37 अधिकारियों को डिजिटल फोरेसिक, एथिकल हैकिंग, साइबर थ्रेट इंटेलिजेसं और लाइव अटैक सिमुलेशन का प्रशिक्षण दिया गया।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

37. फरवरी 2025 तक भारत के किस राज्य मे संबसे अधिक रेलवे स्टेशनों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए गए है ?

A - मध्यप्रदेश
B - राजस्थान
C - छत्तीसगढ़
D - झारखण्ड

राजस्थान 275 रेलवे स्टेशनों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित कर देश मे अंग्रणी राज्य बन गया है, जिसके बाद महाराष्ट्र का स्थान है। देशभर मे अब तक 2249 स्टेशनों पर ऐसे संयंत्र लगाए जा चुके है। वित्तीय वर्ष 2024-25 मे भारत ने 25 गीगावाट अतिरिक्त अक्षय ऊर्जा जोड़ी, जिसमे 6 गीगावाट सौर ऊर्जा शामिल थी। 31 मार्च 2025 तक कुल सौर ऊर्जा क्षमता 21 गीगावाट हो गई है।



38. अभी हाल ही मे माइक्रोसॉफ्ट के किस राज्य सरकार के साथ तीन AI केद्रं स्थापित करने के लिए समझौता किया है ?

A - महाराष्ट्र
B - ओडिशा
C - दिल्ली
D - पंजाब

महाराष्ट्र सरकार ने डिजिटल इंडिया और एआई को बढ़ावा देने के लिए माइक्रोसॉफ्ट के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए है। इसके तहत मुंबई, पुणे और नागपुर मे तीन एआई उत्कृष्टता केद्रं स्थापित किए जाएंगे। माइक्रोसॉफ्ट राज्य कर्मचारियों को अपने को-पायलट एआई प्लेटफॉर्म पर प्रशिक्षित करेगा। मुंबई मे भू-स्थानिक विश्लेषण केद्रं, पुणे मे एआई आधारित फोरेसिक अनुसंधान केद्रं और नागपुर मे निगरानी व शासन सुधार केद्रं स्थापित किए जाएंगे।




39. हाल ही मे हिंदी फिल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता मनोज कुमार का निधन हो गया है, उन्हे दादा साहब फाल्के पुरस्कार कब दिया गया था ?

A - वर्ष 2011
B - वर्ष 2015
C - वर्ष 2016
D - वर्ष 2017

हिंदी सिनेमा के प्रसिद्ध अभिनेता, निर्माता और निर्देशक मनोज कुमार का 4 अप्रैल 2025 को मुंबई मे निधन हो गया। उनका जन्म 1937 मे एंबटाबाद (अब पाकिस्तान मे) हुआ था। उन्होंने 'मनोज कुमार' नाम से फिल्मी करियर की शुरुआत 1957 मे फिल्म 'फ़ैशन' से की। 1967 मे देशभक्ति फिल्म 'उपकार' से उन्हे 'भारत कुमार' की उपाधि मिली। उन्होंने 'शहीद', 'गुमनाम', 'शोर', 'दो बदन', 'पत्थर के सनम' जैसी कई यादगार फिल्मे दीं।



40. "वक्फ (संशोधन) अधिनियम - 2025" वक्फ के किस अधिनियम को संशोधित करेगा ?

A - वक्फ अधिनियम - 1995
B - वक्फ अधिनियम - 1996
C - वक्फ अधिनियम - 1997
D - वक्फ अधिनियम – 1998

लोकसभा ने मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक, 2024 पारित कर 1923 के पुराने कानून को निरस्त कर दिया है और वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 के प्रावधान लागू किए है। नए कानून का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों का पारदर्शी और कुशल प्रबंधन सुनिश्चित करना है। अब केवल वैध स्वामित्व वाली संपत्ति को ही वक्फ घोषित किया जा सकेगा। वक्फ-अल-औलाद व्यवस्था उत्तराधिकारियों, विशेषकर महिलाओं के अधिकारों का उल्लंघन नहीं करेगी।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

41. "शिक्षा और पोषण" को लेकर यूनेस्को की रिपोर्ट किस सम्मेलन मे जारी की गई ?

A - पोषण विकास शिखर सम्मेलन
B - संयुक्त राष्ट्र महासभा
C - G-20 सम्मेलन
D - विश्व खाद्य शिखर

यूनेस्को की रिपोर्ट "शिक्षा और पोषण : अच्छा खाना सीखे" 27-28 मार्च 2024 को फ्रांस मे प्रस्तुत की गई। इसमे सरकारों से स्कूली भोजन की पहुंच और पोषण गुणवत्ता सुधारने का आग्रह किया गया। वैश्विक स्तर पर सिर्फ 50% प्राथमिक छात्र ही स्कूली भोजन पाते है, और इनमे से 27% बिना पोषण विशेषज्ञों की सलाह से तैयार होते है। स्कूली भोजन से नामांकन और उपस्थिति दर मे वृद्धि देखी गई है।



42. हाल ही मे किस मंत्रालय ने भारत के रक्षा निर्यात से संबंधित रिपोर्ट जारी की ?

A - गृह मंत्रालय
B - केंद्रीय रक्षा मंत्रालय
C - पंचायती राज मंत्रालय
D - विदेश मंत्रालय

केंद्रीय रक्षा मंत्रालय के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2024-25 मे भारत का रक्षा निर्यात 23,622 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की तुलना मे 12.04% अधिक है। सरकार का लक्ष्य 2029 तक इसे 50,000 करोड़ रुपये तक ले जाना है। इस वृद्धि मे सार्वजनिक क्षेत्र ने 8,389 करोड़ और निजी क्षेत्र ने 15,233 करोड़ रुपये का योगदान दिया। 1,762 निर्यात प्राधिकरण जारी किए गए, जो पिछली बार से 16.92% अधिक है।



43. प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (PM अजय) कब शुरू की गई थी ?

A - वर्ष 2015-16
B - वर्ष 2016-17
C - वर्ष 2021-22
D - वर्ष 2022-23

वर्ष 2024-25 मे प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (PM-अजय) के तहत 4,991 गाँवों को आदर्श ग्राम घोषित किया गया है। योजना 2021-22 मे शुरू हुई थी, जिसका उद्देश्य एस.सी. समुदायों का सामाजिक-आर्थिक विकास है। अब तक 11,076 गाँव आदर्श ग्राम घोषित हो चुके है। 2023-24 और 2024-25 मे 8,146 परियोजनाओं को 457.82 करोड़ रुपये की सहायता दी गई, जिनमे 987 कौशल विकास परियोजनाएं शामिल है।



44. "विश्व स्वास्थ्य दिवस" कब मनाया जाता है ?

A - 2 अप्रैल
B - 3 अप्रैल
C - 4 अप्रैल
D - 7 अप्रैल

विश्व स्वास्थ्य दिवस हर साल 7 अप्रैल को मनाया जाता है, और 2025 की थीम है – "स्वास्थ्य शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य", जो मातृ और नवजात शिशु स्वास्थ्य पर केंद्रित है। यह WHO के एक साल लंबे अभियान की शुरुआत है, जिसका उद्देश्य गर्भावस्था, प्रसव और प्रसवोत्तर देखभाल को बेहतर बनाकर रोकी जा सकने वाली मातृ और शिशु मौतों को कम करना है। हर साल करीब 3 लाख महिलाएं और 2 मिलियन नवजात जान गंवाते है।




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

45. इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केद्रं (IGNCA) की स्थापना कब की गई थी ?



A - 1986
B - 1985
C - 1983
D - 1981

पेरिस मे आयोजित सिनेमा डू रील फिल्म समारोह मे भारत की फिल्म "स्ट्रीम-स्टोरी" को "विशेष उल्लेख - अमूर्त सांस्कृतिक विरासत पुरस्कार 2025" से सम्मानित किया गया। यह फिल्म इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केद्रं (IGNCA) द्वारा बनाई गई है और हिमाचल की पारंपरिक सिंचाई प्रणाली 'कुहल' पर आधारित है। फिल्म लोकज्ञान और जल प्रबंधन को काव्यात्मक रूप मे प्रस्तुत करती है।

46. भारत सरकार का कौन सा मंत्रालय केद्रं प्रायोजित योजना, जीवंत गांव कार्यक्रम-II को लागू कर रहा है ?



A - गृह मंत्रालय
B - पंचायती राज मंत्रालय
C - रक्षा मंत्रालय
D - विदेश मंत्रालय

केद्रीय मंत्रिमंडल ने 4 अप्रैल 2025 को जीवंत गांव कार्यक्रम-II को मंजूरी दी, जो 2024-25 से 2028-29 तक लागू रहेगा। यह योजना 6839 करोड़ रुपये की लागत से पूरी तरह केद्रं सरकार द्वारा वित्त पोषित है। नोडल मंत्रालय केद्रीय गृह मंत्रालय है। इसमे 17 राज्य और केद्रं शासित प्रदेश शामिल है। इसका उद्देश्य सीमावर्ती पिछड़े गांवों का समग्र विकास करना है

47. अभी हाल ही मे अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय से हटने की घोषणा करने वाला पहला यूरोपीय देश कौनसा है ?




A - हंगरी
B - नीदरलैडं
C - ऑस्ट्रिया
D - बेल्जियम

3 अप्रैल 2025 को हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओरबान ने घोषणा की कि हंगरी अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (ICC) से बाहर हो रहा है। यह निर्णय इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू की हंगरी यात्रा के दौरान लिया गया और हंगरी ऐसा करने वाला पहला यूरोपीय देश बन गया। यह कदम ICC द्वारा नेतन्याहू के खिलाफ जारी गिरफ्तारी वारंट के जवाब मे उठाया गया है।

48. नेटवर्क तत्परता सूचकांक मे भारत कौन से स्थान पर है ?



A - 11 वे
B - 18 वे
C - 36 वे
D - 56 वे

भारत ने UNCTAD के 'अग्रणी प्रौद्योगिकियों के लिए तत्परता' सूचकांक 2024 मे 36वां स्थान हासिल किया, जो 2022 मे 48वां था। यह ICT, R&D, औद्योगिक क्षमता और कौशल जैसे मानकों पर आधारित है। भारत ने R&D मे तीसरा और औद्योगिक क्षमता मे 10वां स्थान पाया, जबकि ICT मे 99वां और मानव पूंजी मे 113वां स्थान मिला। AI क्षेत्र मे भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है

VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**49. हमारी परंपरा - हमारी विरासत " कार्यक्रम का उद्घाटन किसके द्वारा किया गया ?**

A - एस. पी. बघेल
B - अमित शाह
C - निर्मला सीतारमण
D - नितिन गडकरी

नई दिल्ली मे "हमारी परंपरा - हमारी विरासत" पहल के तहत एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका आयोजन पंचायती राज मंत्रालय और झारखंड सरकार के सहयोग से हुआ। इसका उद्घाटन मंत्री एस.पी. सिंह बघेल ने किया। कार्यक्रम का उद्देश्य आदिवासी विरासत को संस्कृति और शासन प्रणाली मे एंकीकृत करना है। झारखंड के 20,300 गांवों की सांस्कृतिक धरोहर का दस्तावेजीकरण इस पहल का अहम हिस्सा है।



**50. 'स्टार्टअप महाकुंभ 2025' का आयोजन कब से कब तक किया गया ?**

A - 1 अप्रैल से 5 अप्रैल 2025
B - 3 से 5 अप्रैल 2025
C - 5 से 7 अप्रैल 2025
D - 5 से 9 अप्रैल 2025

"स्टार्टअप महाकुंभ 2025" का आयोजन 3 से 5 अप्रैल तक नई दिल्ली के भारत मंडपम, प्रगति मैदान मे हो रहा है। यह भारत का सबसे बड़ा स्टार्टअप इवेंट है, जिसका उद्देश्य नवाचार, निवेश और नेटवर्किंग को बढ़ावा देना है। इसका आयोजन स्टार्टअप इंडिया, इन्वेस्ट इंडिया, NASSCOM और TiE के सहयोग से किया जा रहा है।




**51. जल जीवन मिशन की शुरुआत केद्रं सरकार द्वारा कब की गई थी ?**

A - मार्च – 2019
B - अप्रैल - 2020
C - अगस्त - 2019
D - जनवरी – 2020

जल जीवन मिशन की शुरुआत अगस्त 2019 मे ग्रामीण परिवारों को नल से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए हुई थी। तब केवल 16% ग्रामीण परिवारों के पास नल कनेक्शन था, जो 20 मार्च 2025 तक बढ़कर 80.22% (15.53 करोड़ परिवार) हो गया है। मिशन के तहत अब तक 12.30 करोड़ नए कनेक्शन दिए गए है। 11 राज्य/केद्रं शासित प्रदेश "हर घर जल" बन चुके है।



**52. अभी हाल ही मे किस देश ने प्रधानमंत्री मोदी को मिथ्रा (मित्रा) विभूषण (अपने सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार) से सम्मानित किया है ?**

A - श्रीलंका
B - सऊदी अरब
C - इटली
D - रूस

प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी को भारत-श्रीलंका संबंधों को मजबूत करने मे उनके योगदान के लिए श्रीलंका के सर्वोच्च नागरिक सम्मान "मिथ्रा विभूषण" से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हे राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके द्वारा कोलंबो मे प्रदान किया गया। मिथ्रा विभूषण श्रीलंका की साझा बौद्ध विरासत और समृद्धि का प्रतीक है। इससे पहले यह सम्मान यासर अराफात और मौमून अब्दुल गयूम को मिल चुका है।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

53. हाल ही मे एंक अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता मे स्वंर्ण पदक जीतने वाले हितेश गुलिया किस खेल से संबंधित है ?

A - मुक्केबाजी
B - तैराकी
C - निशानेबाजी
D - भालाफैकं

भारतीय पुरुष मुक्केबाजी दल ने विश्व मुक्केबाजी कप 2025 के पहले चरण मे ब्राजील के फोज डू इगुआकू मे एंक स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य सहित कुल छह पदक जीते। हितेश गुलिया ने 70 किग्रा वर्ग मे स्वंर्ण जीतकर इतिहास रचा। अभिनाश जामवाल को 65 किग्रा वर्ग मे रंजत मिला। कांस्य विजेता जादुमणि सिंह, मनीष राठौर, सचिन और विशाल रहे। भारत ने महिला वर्ग मे भाग नहीं लिया और पुरुषों की तालिका मे उज्बेकिस्तान के बाद दूसरा स्थान हासिल किया।



54. अभी हाल ही मे किस देश ने BIMSTEC की अध्यक्षता संभाली है ?

A - नेपाल
B - भूटान
C - श्रीलंका
D - बांग्लादेश

4 अप्रैल 2025 को बांग्लादेश ने BIMSTEC की अध्यक्षता थाईलैडं से ग्रहण की। मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने यह जिम्मेदारी संभाली। BIMSTEC, बंगाल की खाड़ी से जुड़े सात देशों का क्षेत्रीय सहयोग संगठन है। इसकी अध्यक्षता हर दो साल मे वर्णमाला क्रम से बदलती है। बांग्लादेश को अब संगठन की दिशा तय करने और सहयोगी विकास को बढ़ाने की भूमिका मिली है। इससे क्षेत्रीय एकता, व्यापार और बहुपक्षीय सहयोग को नई गति मिलने की उम्मीद है।



55. कला और संस्कृति मे उत्कृष्टता के लिए प्रतिष्ठित 2025 फ्रेड डरिंटन पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया है ?

A - सुदर्शन पटनायक
B - सालिक सिंह
C - डी. गुकेश
D - नरेश शर्मा

ओडिशा के रेत कलाकार सुदर्शन पटनायक ने इंग्लैडं के वेमाउथ मे आयोजित सैडंवर्ल्ड अंतर्राष्ट्रीय रेत कला महोत्सव मे फ्रेड डारिंगटन पुरस्कार जीतकर इतिहास रच दिया। वे यह पुरस्कार जीतने वाले पहले भारतीय बने। उन्हे यह सम्मान भगवान गणेश की 10 मीटर ऊंची रेत मूर्ति के लिए मिला, जिसमे शांति, ज्ञान और सौभाग्य का संदेश था। यह महोत्सव वेमाउथ मे रेत कला की 100वीं वर्षगांठ पर आयोजित हुआ।



56. 'अनंत नगर योजना' किस शहर मे शुरू की गई है ?

A - मथुरा
B - लखनऊ
C - नोएडा
D - अयोध्या

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 4 अप्रैल 2025 को लखनऊ मे "अनंत नगर योजना" का शुभारंभ किया। यह योजना 785 एकड़ मे 10,000 करोड़ की लागत से विकसित की जा रही है, जिसमे संभी आय वर्गों के लिए आवासीय भूखंड शामिल है। EWS वर्ग को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। यह योजना पंचकुला मॉडल पर आधारित है और आठ सेक्टरों मे विभाजित है। इसमे सॉलिड वेस्ट मैनेजमेटं, शॉपिंग सेटंर, बारात घर और वेडिंग जोन जैसी सुविधाएं भी होंगी।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

57. अभी हाल ही मे ब्रिक्स पर्यावरण मंत्रियों की कौन सी बैठक ब्रासीलिया मे आयोजित की गयी ?

A - 11वीं
B - 15वीं
C - 16वीं
D - 19वीं

ब्रासीलिया मे हुई 11वीं ब्रिक्स पर्यावरण मंत्रियों की बैठक मे भारत का प्रतिनिधित्व श्री अमनदीप गर्ग ने किया। बैठक मे जलवायु परिवर्तन से निपटने और सतत विकास लक्ष्यों की दिशा मे सहयोग मजबूत करने पर चर्चा हुई। भारत ने जलवायु न्याय, संसाधनों के समान वितरण और विकसित देशों से वित्तीय सहायता की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही, स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों जैसे सौर, हाइड्रोजन और परमाणु ऊर्जा को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता दोहराई।



58. अभी हाल ही मे सिफत कौर सामरा ने किस खेल मे स्वर्ण पदक जीता है ?

A - धावक
B - निशानेबाजी
C - तैराकी
D - भारोत्तोलन

भारतीय निशानेबाज सिफत कौर समरा ने अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स मे आयोजित ISSF वर्ल्ड कप 2025 मे महिलाओं की 50 मीटर राइफल स्पर्धा मे स्वर्ण पदक जीतकर अपना पहला व्यक्तिगत ISSF स्वर्ण हासिल किया। फाइनल मे जर्मनी की अनीता मैगोल्ड को रजत और कजाकिस्तान की अरीना अल्तुखोवा को कांस्य पदक मिला। इस जीत से भारत के पास अब एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक है, और भारत पदक तालिका मे दूसरे स्थान पर है।



59. 'वैश्विक जुड़ाव योजना' किस मंत्रालय द्वारा क्रियान्वित की जा रही है ?

A - रक्षा मंत्रालय
B - विदेश मंत्रालय
C - संस्कृति मंत्रालय
D - वित्त मंत्रालय

संस्कृति मंत्रालय की वैश्विक जुड़ाव योजना का उद्देश्य भारत की सांस्कृतिक उपस्थिति को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुदृढ़ करना है। इसके अंतर्गत ICCR विदेशों मे भारतीय संस्कृति का प्रचार करता है। भारत ने BRICS, SCO, G20 और भारत-मध्य एशिया जैसी बैठकों और कार्यक्रमों की मेज़बानी कर सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा दिया है। भारत, यूनेस्को के UCCN और MoW जैसे कार्यक्रमों का हिस्सा है



60. भारत की डिजिटल खतरा रिपोर्ट 2024 किस मंत्रालय द्वारा जारी की गयी है ?

A - गृह मंत्रालय
B - वित्त मंत्रालय
C - रक्षा मंत्रालय
D - सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

भारत सरकार ने BFSI सेक्टर के लिए डिजिटल खतरा रिपोर्ट 2024 लॉन्च की है, जिसे MeitY, CERT-In, CSIRT-Fin और SISA ने मिलकर तैयार किया है। रिपोर्ट का उद्देश्य वित्तीय सेवा क्षेत्र की साइबर सुरक्षा को मजबूत करना है। इसमे कमजोर प्रमाणीकरण बिंदुओं से जुड़े खतरों और नेटवर्क पर उनके प्रभाव को रेखांकित किया गया है। रिपोर्ट सभी हितधारकों से संयुक्त साइबर सुरक्षा रणनीति अपनाने का आह्वान करती है।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**61. भारतीय नौसेना वाटरमैनशिप प्रशिक्षण केद्रं कहाँ स्थित है ?**

**A - कोलाबा, मुंबई** — B - रामेस्वरम, तमिलनाडु

C - बैगंलोर, कर्नाटक — D - प्रयागराज, उत्तरप्रदेश

भारतीय सेना के नौकायन पोत त्रिवेणी से पहला त्रिसेवा महिला वैश्विक नौसेना परिकर्मा अभियान "समुद्र प्रदक्षिणा" 7 अप्रैल को मुंबई से रवाना हुआ। इस अभियान मे सेना, नौसेना और वायु सेना की 12 महिला अधिकारी शामिल है, जिन्हे मुंबई मे विशेष नौसैनिक प्रशिक्षण दिया गया। मिशन का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। यह दल 55 दिनों मे लगभग 4000 समुद्री मील की दूरी तय कर सेशेल्स तक यात्रा करेगा और फिर मुंबई लौटेगा।




**62. 'प्रधानमंत्री मुद्रा योजना' की शुरुआत कब हुई थी ?**

**A - 8 अप्रैल 2015** — B - 8 अप्रैल 2020

C - 6 मार्च 2015 — D - 6 मार्च 2020

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने 8 अप्रैल 2025 को अपनी 10वीं वर्षगांठ मनाई। इसकी शुरुआत 2015 मे छोटे और सूक्ष्म व्यवसायों को सुलभ ऋण प्रदान करने के उद्देश्य से हुई थी। यह योजना शिशु, किशोर, तरुण और तरुण प्लस श्रेणियों मे ₹20 लाख तक के ऋण उपलब्ध कराती है। अब तक 52 करोड़ से अधिक ऋण स्वीकृत किए गए है, जिनकी कुल राशि 32 लाख करोड़ रुपये से अधिक है।



**63. जल संसाधन जनगणना एप्लीकेशन और पोर्टल की शुरुआत कब की गयी ?**

A - 1 अप्रैल 2025 — **B - 3 अप्रैल 2025**

C - 6 अप्रैल 2025 — D - 7 अप्रैल 2025

3 अप्रैल 2025 को केद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने जल संसाधन जनगणना एप्लीकेशन और पोर्टल लॉन्च किया। इसका उद्देश्य सिंचाई क्षेत्र के लिए अद्यतन और विश्वसनीय डेटा एकत्र कर नीति निर्माण को सशक्त बनाना है। यह पोर्टल जल उपयोग दक्षता, जल बजटिंग और संसाधनों के सतत उपयोग पर केद्रित है। डिजिटल एप से डेटा संग्रह तेज़, सटीक और पारदर्शी हुआ है।



**64. मार्सेलो रेबेलो डी सूसा कौन है, जो हाल ही मे चर्चा मे थे ?**

**A - पुर्तगाल के राष्ट्रपति** — B - पुर्तगाल के प्रधानमंत्री

C - कनाडा के प्रधानमंत्री — D - जापान के राष्ट्रपति

7 अप्रैल 2025 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पुर्तगाल की राजधानी लिस्बन का मानद नागरिक बनाया गया और "की ऑफ ऑनर" से सम्मानित किया गया। यह सम्मान भारत-पुर्तगाल मैत्री के प्रतीक के रूप मे प्रदान किया गया। 27 वर्षों मे यह किसी भारतीय राष्ट्रपति की पहली पुर्तगाल यात्रा थी, जो दोनों देशों के 50 वर्षों के राजनयिक संबंधों के उपलक्ष्य मे हुई। इस अवसर पर एक विशेष डाक टिकट जारी हुआ।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**65. हाल ही मे किस राज्य के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने येलो अलर्ट जारी किया है ?**

A - दिल्ली | B - राजस्थान
C - पंजाब | D - गुजरात

भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने दिल्ली के लिए येलो अलर्ट जारी किया है, जिससे स्थानीय निवासियों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। येलो अलर्ट का मतलब है कि मौसम सामान्य से भिन्न हो सकता है, लेकिन खतरा गंभीर नहीं है। सौराष्ट्र और कच्छ क्षेत्र अत्यधिक गर्मी का सामना कर रहे है, जिसके कारण गुजरात के लिए 8 से 10 अप्रैल तक ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। यह अलर्ट मौसम की स्थिति को चुनौतीपूर्ण दर्शाता है



**66. हाल ही मे खोजा गया चोल शिलालेख किस शासक से संबंधित है ?**

A - विजयालय चोल | B - राजराजा चोल
C - राजेद्रं चोल | D - इनमे से कोई नहीं

हाल ही मे मंदुरै जिले के मेलूर मे कोन्गडी पहाड़ियों पर चोल युग का एक महत्वपूर्ण शिलालेख खोजा गया है, जो लगभग 1000 ईस्वी का है। यह शिलालेख राजराजा चोल द्वारा बनवाया गया और इसमे शासक को "राजा राजा मुमुदिचोला" की उपाधि दी गई है। राजराजा चोल के शासनकाल मे पांड्या क्षेत्र पर चोल साम्राज्य का प्रभाव बढ़ा, जिसमे वीरनारायण पल्लवनारायण की महत्वपूर्ण भूमिका थी।



**67. 'अंतर संसदीय संघ' की स्थापना कब हुई थी ?**

A - वर्ष 1886 | B - वर्ष 1888
C - वर्ष 1889 | D - वर्ष 1890

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उज़्बेकिस्तान के ताशकंद मे अंतर-संसदीय संघ (IPU) की 150वीं सभा को संबोधित किया। उन्होंने "सामाजिक विकास एवं न्याय के लिए संसदीय कार्रवाई" विषय पर भारतीय संविधान की समावेशी प्रकृति को उजागर किया। IPU एक वैश्विक संगठन है, जिसकी स्थापना 1889 मे हुई और वर्तमान मे इसके 182 पूर्णकालिक तथा 15 एसोसिएट सदस्य है। इसका मुख्यालय जिनेवा, स्विट्जरलैंड मे स्थित है




**68. राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (NSAP) की शुरुआत कब हुई ?**

A - वर्ष - 1980 | B - वर्ष - 1985
C - वर्ष - 1990 | D - वर्ष - 1995

ग्रामीण विकास और पंचायती राज पर संसदीय स्थायी समिति ने "गाँवों मे गरीब और निराश्रित लोगों पर राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (NSAP) के प्रभाव" पर एक रिपोर्ट पेश की है। इस रिपोर्ट मे बजट बढ़ाने और कार्यक्रम के बेहतर क्रियान्वयन की सिफारिशे की गई है। NSAP की शुरुआत 1995 मे हुई थी और यह पूरी तरह से केद्रं सरकार द्वारा वित्त पोषित योजना है।




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

69. अभी हाल ही मे 'संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय लेखांकन और रिपोर्टिंग मानकों पर विशेषज्ञों के अंतर-सरकारी कार्यदल (ISAR)' मे निर्विरोध किसे चुना गया है ?

A - भारत
B - रूस
C - जापान
D - दक्षिण अफ्रीका

भारत को 2025-27 के कार्यकाल के लिए संयुक्त राष्ट्र के अंतर्राष्ट्रीय लेखांकन और रिपोर्टिंग मानकों पर विशेषज्ञों के अंतर-सरकारी कार्यदल (ISAR) मे निर्विरोध चुना गया है। ISAR एक स्थायी कार्यदल है जिसका उद्देश्य सदस्य देशों की वित्तीय रिपोर्टिंग और गैर-वित्तीय डिस्क्लोजर की गुणवत्ता मे सुधार करना है। यह कार्यदल पर्यावरणीय मुद्दों, कॉर्पोरेट गवर्नेंसं और कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) पर ध्यान केंद्रित करता है

isar

70. भारत सरकार का कौनसा मंत्रालय पोषण पखवाड़ा पहल को क्रियान्वित करने के लिए नोडल मंत्रालय बनाया है ?

A - महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
B - ग्रह मंत्रालय
C - पंचायती राज मंत्रालय
D - वित्त मंत्रालय

भारत सरकार ने 8 अप्रैल 2025 को राष्ट्रव्यापी पोषण पखवाड़ा के 7वे संस्करण की शुरुआत की, जो 8 से 22 अप्रैल तक चलेगा। इसका उद्घाटन केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर ने नई दिल्ली मे किया। यह पोषण पखवाड़ा केंद्र सरकार के पोषण अभियान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं, किशोरियों और 6 साल से कम उम्र के बच्चों मे कुपोषण को दूर करना है।




71. अभी हाल ही मे 'बायोमास उपग्रह मिशन' किस अंतरिक्ष एजेंसी द्वारा प्रक्षेपित किया जाएगा ?

A - नासा (NASA)
B - इसरो (ISRO)
C - ईएसए (ESA)
D - रॉसकॉसमॉस (Roscosmos)

यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ESA) अप्रैल 2025 मे 'वेगा सी रॉकेट' के माध्यम से बायोमास उपग्रह मिशन का प्रक्षेपण करेगी, जिसका उद्देश्य विश्व के वनों का मानचित्रण करना है। यह मिशन ESA के जलवायु और पृथ्वी प्रणाली कार्यक्रम के तहत सातवां पृथ्वी अन्वेषण उपग्रह मिशन है। इसका मुख्य कार्य वनों के स्वास्थ्य और कार्बन चक्र मे उनकी भूमिका का आकलन करना, साथ ही कार्बन स्तर का मापन करना है।



72. विश्व होम्योपैथी दिवस कब मनाया जाता है ?

A - 5 अप्रैल
B - 10 अप्रैल
C - 15 अप्रैल
D - 20 अप्रैल

विश्व होम्योपैथी दिवस हर साल 10 अप्रैल को मनाया जाता है, जो होम्योपैथी के जनक डॉ. सैमुअल हैनीमैन की स्मृति मे है। उनका जन्म 10 अप्रैल 1755 को जर्मनी मे हुआ, और उन्होंने 1796 मे होम्योपैथी की अवधारणा प्रस्तुत की। भारत मे यह दिवस पहली बार 2005 मे मनाया गया। डॉ. हैनीमैन ने होम्योपैथी को एक प्राकर्तिक और सुरक्षित उपचार प्रणाली के रूप मे विकसित किया, जो शरीर की खुद को ठीक करने की क्षमता को बढ़ावा देती है।




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**73. फिनटेक स्टार्टअप फंडिंग मे 2025 की पहली तिमाही मे भारत किस स्थान पर रहा ?**

A - तीसरा | B - चौथा
C - पांचवां | D - सातवां

वर्ष 2025 की पहली तिमाही मे भारत फिनटेक स्टार्टअप फंडिंग मे अमेरिका और यूके के बाद तीसरे स्थान पर रहा। इस दौरान भारतीय फिनटेक स्टार्टअप्स ने कुल 366 मिलियन डॉलर की फंडिंग प्राप्त की, जिसमे मार्च मे alone 187 मिलियन डॉलर जुटाए गए। लेट-स्टेज फंडिंग मे 47% की वृद्धि हुई है। बैंकिंग टेक सेगमेंट को सबसे अधिक 108 मिलियन डॉलर की फंडिंग मिली, जबकि इंश्योरेंस और इन्वेस्टमेंट टेक भी निवेशकों को आकर्षित कर रहे है।




**74. अभी हाल ही मे केंद्रं सरकार द्वारा एंटी-रेबीज एवं एंटी-स्नेक वेनम टीको की वास्तविक समय मे उपलब्धता की निगरानी हेतु कौनसा पोर्टल लॉन्च किया है ?**

A - स्वास्थ्य पोर्टल | B - ज़ूविन पोर्टल
C - जीनोम पोर्टल | D - भारत पोर्टल

केद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने एंटी-रेबीज वैक्सीन (ARV) और एंटी-स्नेक वेनम (ASV) की उपलब्धता की रियल-टाइम मॉनिटरिंग के लिए ज़ूविन पोर्टल (ZooWIN) लॉन्च किया है। इसे राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केद्रं (NCDC) ने UNDP के सहयोग से विकसित किया है। फिलहाल यह दिल्ली, मध्य प्रदेश, असम, पुडुचेरी और आंध्र प्रदेश मे पायलट प्रोजेक्ट के रूप मे चल रहा है। यह पोर्टल eVIN और U-WIN की तकनीक पर आधारित है



**75. भारत का सबसे बड़ा पेट्रोकेमिकल संयंत्र कहाँ स्थापित किया जा रहा है ?**

A - राजस्थान | B - मध्य प्रदेश
C - ओडिशा | D - दिल्ली

इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (IOCL) ने ओडिशा के पारादीप मे ₹61,077 करोड़ की लागत से एक विश्व स्तरीय पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स स्थापित करने की घोषणा की है, जो कंपनी का अब तक का सबसे बड़ा एकल स्थान निवेश है। यह परियोजना फार्मास्युटिकल्स, पैकेजिंग, ऑटोमोबाइल, और निर्माण क्षेत्रों मे प्रयुक्त हाई-डिमांड उत्पाद जैसे फिनोल, पॉलीप्रोपाइलीन, आइसोप्रोपाइल और हाई-डेंसिटी पॉलीएथिलीन का उत्पादन करेगी।




**76. RBI ने अपनी अप्रैल 2025 की मौद्रिक नीति मे रेपो रेट को कितना घटाया है ?**

A - 0.25% | B - 0.05%
C - 1.5% | D - 1%

भारतीय रिज़र्व बैकं (RBI) ने 2025-26 की मौद्रिक नीति मे रेपो दर मे 0.25% की कटौती करते हुए नीतिगत रुख को तटस्थ से उदार कर दिया है, जिससे सस्ते ऋण के ज़रिए आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। यह फैसला वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं को ध्यान मे रंखते हुए लिया गया है। साथ ही, RBI ने 2025-26 की GDP वृद्धि दर का अनुमान 6.7% से घटाकर 6.5% कर दिया है।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

77. भारतीय प्रबंधन संस्थान (IIM) अहमदाबाद और भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (IIFT) किस देश मे अंपना पहला विदेशी परिसर खोलेगें ?

A - दुबई
B - शंघाई
C - वाशिंगटन
D - केपटाउन

भारतीय प्रबंधन संस्थान (IIM) अहमदाबाद और भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (IIFT) ने दुबई मे अंपने पहले विदेशी परिसरों की स्थापना की घोषणा की है, जो भारतीय उच्च शिक्षा के वैश्वीकरण की दिशा मे एंक ऐतिहासिक कदम है। यह घोषणा दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान की भारत यात्रा के दौरान हुई, जिसमे उंन्होंने प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी समेत कई मंत्रियों से मुलाकात की।




78. अभी हाल ही मे हुंए समझौते के अनुसार, भारत फ्रांस से कितने राफेल मरीन लड़ाकू विमान खरीदेगा ?

A - 25 विमान
B - 27 विमान
C - 26 विमान
D - 28 विमान

प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी की अध्यक्षता मे सुंरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (CCS) ने भारतीय नौसेना के लिए फ्रांस से 26 राफेल मरीन लड़ाकू विमान खरीदने को मंजूरी दी है। यह 63,000 करोड़ रुपये से अधिक का सौदा भारत का अब तक का सबसे बड़ा फाइटर जेट डील माना जा रहा है। अप्रैल 2025 मे फ्रांसीसी रक्षा मंत्री की भारत यात्रा के दौरान इस समझौते पर हस्ताक्षर होने की संभावना है।



79. वैश्विक प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन 2025 का 9वां संस्करण कहाँ आयोजित किया गया था ?

A - नई दिल्ली
B - बेगंलुरु
C - गुवाहाटी
D - भोपाल

तीन दिवसीय वैश्विक प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन 2025 का उद्घाटन 10 अप्रैल को विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने नई दिल्ली मे किया। यह सम्मेलन विदेश मंत्रालय और कार्नेगी इंडिया द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया है और इसका विषय “संभावना” रखा गया है। इस 9वे संस्करण मे 40 देशों से लगभग 150 वक्ता भाग ले रहे है, जो AI शासन, साइबर सुरक्षा, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, डेटा और अंतरिक्ष सुरक्षा सहित तकनीकी सहयोग पर चर्चा करेगें।



80. वर्ष 2025 मे मंहावीर जयंती कब मनाई गई ?

A - 6 अप्रैल
B - 9 अप्रैल
C - 10 अप्रैल
D - 1 अप्रैल

महावीर जयंती 10 अप्रैल 2025 को मनाई जाएगी। यह जैन धर्म के 24वे तींर्थकर भगवान महावीर का जन्मदिन है, जो चैत्र शुक्ल तेरस को मनाया जाता है। उनका जन्म 599 ईसा पूर्व कुण्डलपुर (बिहार) मे हुंआ था। बचपन मे वंर्धमान कहलाए, 30 वर्ष की उम्र मे संन्यास लिया और तपस्या के बाद सर्वज्ञान (कैवल्य) प्राप्त किया। उन्होंने अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह के सिद्धांत दिए।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**81. ओमान इंडिया ज्वाइंट इन्वेस्टमेंट फंड (OIJIF) का CEO किसे नियुक्त किया है ?**

**A - सतीश चाव्वा** B - मोहन जाखड़

C - कोमल दलाल D - निर्मल जैन

8 अप्रैल 2025 को सतीश चाव्वा को ओमान इंडिया ज्वाइंट इन्वेस्टमेंट फंड (OIJIF) का नया CEO नियुक्त किया गया। उनके पास निजी इक्विटी और वित्त क्षेत्र मे 20 वर्षों का अनुभव है। इससे पहले वे BII मे दक्षिण एशिया के लिए निजी इक्विटी प्रमुख थे। OIJIF, जो OIA और SBI द्वारा संयुक्त रूप से स्थापित है, भारत मे संतत विकास, अवसंरचना, स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्रों मे निवेश करता है।



**82. जैन धर्म के तीन रत्नों मे निम्नलिखित मे से कौनसा सम्मिलित नहीं है ?**

A - सम्यक ज्ञान B - सम्यक चरित्र

**C - सम्यक संकल्प** D - सम्यक दर्शन

9 अप्रैल 2025 को प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी ने 'नवकार महामंत्र दिवस' पर विज्ञान भवन, नई दिल्ली मे सामूहिक जाप मे भाग लिया। 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों की भागीदारी से यह आयोजन वैश्विक एकता और आध्यात्मिक समरसता का प्रतीक बना। नवकार महामंत्र जैन धर्म के पंच परमेष्ठी को समर्पित है और आत्म-शुद्धि, सहिष्णुता व नैतिकता को प्रेरित करता है। पीएम की उपस्थिति धार्मिक सहिष्णुता और आध्यात्मिक मूल्यों के सम्मान को दर्शाती है।



**83. अखिल भारतीय नेत्र रोग सोसायटी की स्थापना किस वर्ष की गई ?**

A - 1950 B - 1940

**C - 1930** D - 1920

5 अप्रैल 2025 को डॉ. मोहन राजन को अखिल भारतीय नेत्र रोग सोसायटी (AIOS) का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। वे चेन्नई के राजन आई केयर हॉस्पिटल के अध्यक्ष और चिकित्सा निदेशक है। AIOS, जो देश का सबसे बड़ा नेत्र चिकित्सा संगठन है, ने उन्हे उनके अनुभव और नेतृत्व के लिए चुना। इस संस्था का उद्देश्य नेत्र विज्ञान मे सहयोग, अनुसंधान और सेवा को बढ़ावा देना है। डॉ. राजन की नियुक्ति से AIOS को अनुभवी नेतृत्व मिलेगा।




**84. अभी हाल ही मे "अंतर-एम्स रेफरल पोर्टल " किसके द्वारा बनाया गया ?**

A - IIT दिल्ली **B - AIIMS दिल्ली**

C - AIIMS जोधपुर D - AIIMS भोपाल

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा ने इंटर-एम्स रेफरल पोर्टल लॉन्च किया, जिसे एम्स दिल्ली ने विकसित किया है। यह पोर्टल एम्स संस्थानों के बीच मरीज रेफरल प्रक्रिया को आसान और कुशल बनाएगा। शुरुआत एम्स दिल्ली और बिलासपुर से होगी, बाद मे इसे सभी एम्स मे लागू किया जाएगा। यह पोर्टल फेसियल रिकग्निशन और ऑटोमेटेड वर्कफ्लो जैसी तकनीकों से लैस है, जिससे मरीजों को तेज़, सटीक और सहज सेवा मिलेगी।




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**85. वर्ष 2024 मे संबसे बड़ी स्थापित अक्षय ऊर्जा क्षमता रखने के लिए भारत का विश्व मे कौनसा स्थान था ?**

A - पहला　　B - दूसरा
C - तीसरा　　**D - चौथा**

भारत की कुल स्थापित अक्षय ऊर्जा क्षमता 2024-25 के अंत तक बढ़कर 220.10 गीगावाट हो गई है, जो पिछले साल 198.75 गीगावाट थी। इससे भारत दुनिया मे चौथा सबसे बड़ा अक्षय ऊर्जा उत्पादक देश बन गया है। सौर ऊर्जा मे संबसे अधिक 105.65 गीगावाट क्षमता दर्ज की गई, जिसमे से 23.83 गीगावाट की वृद्धि इस वर्ष हुई। पवन ऊर्जा 50.04 गीगावाट, जैव ऊर्जा 11.58 गीगावाट, और लघु जल विद्युत 5.10 गीगावाट रही।



**86. तीसरी बिम्सटेक कृषि मंत्री स्तरीय बैठक 2025 कहाँ आयोजित की गयी ?**

**A - काठमांडू**　　B - नई दिल्ली
C - कोलंबो　　D - ढाका

10 अप्रैल 2025 को काठमांडू मे आयोजित तीसरी बिम्सटेक कृषि मंत्रिस्तरीय बैठक मे भारत और नेपाल ने कृषि सहयोग बढ़ाने के लिए एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किया। बैठक मे सात सदस्य देशों ने भाग लिया और कृषि, खाद्य सुरक्षा, मत्स्य पालन और पशुधन जैसे क्षेत्रों मे सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। भारत-नेपाल समझौता प्राकृतिक खेती, सटीक कृषि, जलवायु प्रबंधन और डिजिटल तकनीकों के उपयोग पर केंद्रित है।



**87. मुंबई आतंकी हमले के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा के खिलाफ मामला चलाने के लिए सरकार ने किसे विशेष अभियोजक नियुक्त किया है ?**

**A - एडवोकेट नरेंद्र मान**　　B - एडवोकेट कपिल सिब्बल
C - तुषार मेहता　　D - एडवोकेट एम.के. शर्मा

26/11 मुंबई आतंकी हमले मे कथित भूमिका के लिए तहव्वुर राणा को 10 अप्रैल 2025 को अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित किया गया। NIA ने उसे नई दिल्ली मे गिरफ्तार किया। राणा, पाकिस्तानी मूल का कनाडाई नागरिक है और डेविड हेडली का सहयोगी रहा है। हमले मे हेडली के सरकारी गवाह बनने के बाद राणा की संलिप्तता सामने आई थी। राणा पर भारत मे विशेष अदालत मे मुकदमा चलेगा और वरिष्ठ अधिवक्ता नरेंद्र मान विशेष लोक अभियोजक होंगे।



**88. क्षेत्रीय ग्रामीण बैकं (RRB) की स्थापना कब की गई थी ?**

**A - 2 अक्टूबर 1975**　　B - 2 अक्टूबर 1959
C - 2 सितंबर 1956　　D - 2 अगस्त 1953

केद्रं सरकार ने "एक राज्य - एक RRB" नीति के तहत 26 क्षेत्रीय ग्रामीण बैकों के विलय की अधिसूचना जारी की। इस कदम से RRBs की संख्या घटकर प्रत्येक राज्य मे एंक रह जाएगी, जिससे ग्रामीण बैंकिंग प्रणाली अधिक कुशल और सशक्त बनेगी। RRBs का स्वामित्व केद्रं (50%), राज्य (15%) और प्रायोजक बैकं (35%) के पास होता है। इनका विनियमन RBI और पर्यवेक्षण NABARD द्वारा किया जाता है। RRBs को 9% पूंजी अनुपात बनाए रखना अनिवार्य है।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**89. राज ठाकरे ने भारतीय बैकं संघ से किस निर्देश का पालन करने की माँग की है, जो वर्ष 2015 से लागू है ?**




A - नई शिक्षा नीति 2020 का
B - कोठारी आयोग की सिफारिश
**C - त्रिभाषी फॉर्मूला**
D - डिजिटल बैंकिंग नीति

राज ठाकरे ने भारतीय बैकं संघ से RBI के त्रिभाषी फॉर्मूला (अंग्रेजी, हिंदी और क्षेत्रीय भाषा) के तत्काल पालन की माँग की है, जो 2015 से लागू है। इसके तहत बैंकों को त्रिभाषी बोर्ड, फॉर्म, पर्चियाँ और पासबुक उपलब्ध करानी चाहिए। ग्राहक चेक तीनों भाषाओं मे भर सकते है। इस पहल का उद्देश्य बैंकिंग सेवाओं को सुलभ बनाना और क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देना है। नियमों का उल्लंघन होने पर ग्राहक बैंकिंग लोकपाल से शिकायत कर सकते है।

**90. स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर्स (SMRs) किस प्रकार की बिजली का उत्पादन करते है ?**




A - उच्च-कार्बन
B - कोयला-आधारित
**C - कम-कार्बन**
D - सौर ऊर्जा आधारित

स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर्स (SMRs) छोटे, सुरक्षित और लचीले नाभिकीय रिएक्टर होते है जो प्रति यूनिट 300 मेगावाट बिजली पैदा कर सकते है। इन्हे फैक्ट्री मे बनाकर साइट पर जोड़ा जाता है, जिससे लागत और समय की बचत होती है। SMRs मे निष्क्रिय सुरक्षा तकनीक, कम-कार्बन उत्सर्जन, और विविध उपयोग जैसे बिजली उत्पादन, समुद्री जल शुद्धिकरण और ताप आपूर्ति की क्षमता होती है।

**91. 'अंतर दृष्टि' नामक संवेदी अंधेरा कक्ष का उद्घाटन किसने किया ?**




**A - श्री राजेश अग्रवाल**
B - श्री नरेंद्र मोदी
C - श्री अमित शाह
D - श्री पीयूष गोयल

देहरादून स्थित राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान ने 'अंतर दृष्टि' नामक एक विशेष संवेदी अंधेरा कक्ष शुरू किया है, जिसे राष्ट्रीय दृष्टिहीन संघ, नई दिल्ली के सहयोग से तैयार किया गया। इसका उद्घाटन दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के सचिव श्री राजेश अग्रवाल ने किया। इस कक्ष मे पूर्ण अंधकार मे प्रतिभागियों को दृष्टिबाधितों के जीवन का अनुभव कराया जाता है

**92. उत्तर प्रदेश पुलिस के 'इन्वेस्टिगेशन, प्रॉसिक्यूशन और कन्विक्शन पोर्टल' को किस श्रेणी मे प्रतिष्ठित स्कॉच अवार्ड से सम्मानित किया गया ?**



A - पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन
B - स्वास्थ्य और चिकित्सा
C - शिक्षा और जागरूकता
**D - पुलिस और सुरक्षा**

उत्तर प्रदेश पुलिस के 'इन्वेस्टिगेशन, प्रॉसिक्यूशन और कन्विक्शन पोर्टल' को "पुलिस एवं सुरक्षा" श्रेणी मे प्रतिष्ठित स्कॉच अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह पोर्टल गंभीर अपराधों की ट्रैकिंग, शीघ्र जांच, समय पर चार्जशीट दाखिल करने और अदालतों मे मामलों की सुनवाई को प्रभावी बनाता है। इसने 85,000 से अधिक दोषसिद्धियाँ और 40,000 पुराने मामलों का समाधान किया है, जिससे न्यायिक प्रक्रिया मे पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ी है।

VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

93. रिंडिया सिल्क और खासी हैंडलूम को भौगोलिक संकेत टैग किस तिथि को प्रदान किया गया ?




A - 1 अप्रैल, 2025
B - 7 अप्रैल, 2025
C - 15 मई, 2025
D - 9 मार्च, 2025

केद्रं सरकार ने मेघालय के रिंडिया सिल्क और खासी हैंडलूम को आधिकारिक रूप से भौगोलिक संकेत (जीआई) टैग प्रदान किया है, जो मेघालय की सांस्कृतिक पहचान को बढ़ावा देता है। रिंडिया सिल्क हाथ से बुनी हुई और जैविक रूप से उत्पादित होती है, जबकि खासी हैंडलूम अपनी अद्वितीय बुनाई और प्राकृतिक रंगों के लिए प्रसिद्ध है। यह पहल मेघालय के वस्त्र विभाग, नाबार्ड और अन्य संगठनों के सहयोग से हुई है।

94. मॉरीशस ने किस अंतर्राष्ट्रीय संगठन के साथ कंट्री पार्टनरशिप फ्रेमवर्क (CPF) पर हस्ताक्षर किया ?



A - अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA)
B - अंतर्राष्ट्रीय सोलर अलायंस (ISA)
C - संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन संधि (UNFCCC)
D - विश्व बैकं

मॉरीशस ने अंतर्राष्ट्रीय सोलर अलायंस (ISA) के साथ कंट्री पार्टनरशिप फ्रेमवर्क (CPF) पर हस्ताक्षर किया, जिससे वह अफ्रीका मे ऐसा करने वाला पहला और वैश्विक स्तर पर चौथा देश बन गया। यह समझौता सौर ऊर्जा और स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र मे संहयोग को बढ़ावा देने के लिए है।

95. 2035 फीफा महिला विश्व कप की मेज़बानी के लिए किसने बोली प्रस्तुत की ?



A - संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा
B - ब्राजील और अर्जेंटीना
C - इंग्लैडं, स्कॉटलैडं, वेल्स और UK
D - जापान और दक्षिण कोरिया

संयुक्त राष्ट्र (यूके) ने 2035 फीफा महिला विश्व कप की मेज़बानी के लिए अपनी बोली प्रस्तुत की, जिसे फीफा द्वारा वैध माना गया। यह बोली इंग्लैडं, स्कॉटलैडं, वेल्स और उत्तरी आयरलैडं ने मिलकर प्रस्तुत की थी। टूर्नामेटं मे 48 टीमों के शामिल होने की संभावना है, और इंग्लैडं मे अधिकांश मैचों की मेज़बानी की उम्मीद है, जिसमे वेम्बली स्टेडियम को फाइनल स्थल माना जा रहा है।

96. वैश्विक प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन का आयोजन कहाँ हो रहा है ?




A - हैदराबाद
B - कोलकाता
C - चेन्नई
D - नई दिल्ली

10 अप्रैल 2025 को विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने नई दिल्ली मे वैश्विक प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन (GTS) के 9वे संस्करण का उद्घाटन किया, जिसका विषय "संभावना" था। सम्मेलन का उद्देश्य प्रौद्योगिकी और भू-राजनीति के संगम पर संवाद स्थापित करना है। इसमे 40 देशों के 150 से अधिक वक्ता भाग ले रहे है, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर सुरक्षा, डिजिटल गवर्नेसं, डेटा सुरक्षा और अंतरिक्ष सुरक्षा जैसे विषयों पर चर्चा करेगें।

VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

97. राष्ट्रीय समुद्री वरुण पुरस्कार 2025 से किसे सम्मानित किया गया, जिन्होंने भारतीय समुद्री उद्योग मे नवाचार और स्थिरता को बढ़ावा देने मे उल्लेखनीय योगदान दिया ?

A - आर. के. सिंह
B - राजेश उन्नी
C - विजय कुमार
D - अशोक मेहता

राजेश उन्नी को भारत के समुद्री क्षेत्र मे उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए राष्ट्रीय समुद्री वरुण पुरस्कार से सम्मानित किया गया है, जो इस क्षेत्र का सर्वोच्च व्यक्तिगत सम्मान है। यह पुरस्कार डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ शिपिंग (DGS) द्वारा प्रदान किया जाता है। राजेश उन्नी Synergy Marine Group के संस्थापक है, जो भारतीय जहाजों का प्रबंधन करती है और समुद्री उद्योग मे नवाचार, तकनीकी उन्नति और स्थिरता को बढ़ावा देती है।



98. 'हार्ट लैप' पुस्तक, जो अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार 2025 के लिए शॉर्टलिस्ट हुई, किसके द्वारा लिखी गई है ?

A - दीपा भास्थी
B - बानू मुश्ताक
C - के. शिवराम कारंथ
D - वी. के. मधवन कुट्टी

कन्नड़ भाषा की लघु कहानी संग्रह 'हार्ट लैप' को अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार 2025 के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है, जो इस सम्मान की दौड़ मे जगह बनाने वाली पहली कन्नड़ पुस्तक बन गई है। इसे लेखिका बानू मुश्ताक ने लिखा है और अंग्रेज़ी मे अनुवाद दीपा भास्थी ने किया है। संग्रह मे 1990 से 2023 तक की 12 कहानियाँ है, जो सामाजिक तनावों और व्यंग्यात्मक शैली को दर्शाती है।




99. हाल ही मे किस देश ने रिकॉर्ड समय मे दुनिया का पहला 3D प्रिंटेड ट्रेन स्टेशन बनाया है ?

A - चीन
B - अमेरिका
C - जापान
D - दक्षिण कोरिया

जापान ने दुनिया का पहला 3D प्रिंटेड ट्रेन स्टेशन हाथ्सुशिमा स्टेशन बनाया है, जो वाकायामा प्रीफेक्चर के अरिदा सिटी मे स्थित है। इसका निर्माण वेस्ट जापान रेलवे कंपनी (JR वेस्ट) और 3D कंस्ट्रक्शन टेक्नोलॉजी फर्म सेरेन्डिक्स ने मिलकर किया। यह स्टेशन सिर्फ 6 घंटे मे तैयार हुआ, रात 11:57 बजे से लेकर सुबह 5:45 बजे तक। स्टेशन के घटक 3D प्रिंट किए गए थे और कंक्रीट से मजबूत किए गए।



100. तीसरी बिम्सटेक कृषि मंत्रिस्तरीय बैठक कहाँ आयोजित की गई थी ?

A - भारत
B - म्यांमार
C - नेपाल (काठमांडू)
D - बांगलादेश

तीसरी बिम्सटेक कृषि मंत्रिस्तरीय बैठक 10 अप्रैल 2025 को काठमांडू, नेपाल मे आयोजित हुई, जहां भारत और नेपाल के बीच कृषि सहयोग बढ़ाने के लिए एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। यह बैठक कृषि, खाद्य सुरक्षा, मत्स्य पालन और पशुधन पर केंद्रित थी। भारत का नेतृत्व केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया, जिन्होंने 'भारत मे कृषि सहयोग के लिए बिम्सटेक उत्कृष्टता केंद्र' स्थापित करने का प्रस्ताव रखा।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**101. पंचायत उन्नति सूचकांक (PAI) की शुरुआत किस मंत्रालय ने की है ?**

A - वित्त मंत्रालय
B - पंचायती राज मंत्रालय
C - गृह मंत्रालय
D - कृषि मंत्रालय

पंचायती राज मंत्रालय ने पंचायत उन्नति सूचकांक (PAI) की शुरुआत की है, जो सतत विकास लक्ष्यों (SDGs) की प्रगति का आकलन करता है। यह सूचकांक 9 प्रमुख क्षेत्रों जैसे गरीबी, स्वास्थ्य, जल, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण आदि पर आधारित है। 2022-23 मे 2,55,699 ग्राम पंचायतों मे से 2,16,285 को शामिल किया गया, जिनमे 699 पंचायते अग्रणी श्रेणी मे थीं। गुजरात, तेलंगाना और त्रिपुरा प्रमुख प्रदर्शनकर्ता राज्य है।



**102. डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती कब मनाई जाती है ?**

A - 15 अगस्त
B - 1 जनवरी
C - 14 अप्रैल
D - 26 जनवरी

डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति दिवस, जिसे अंबेडकर जयंती के रूप मे 14 अप्रैल को मनाया जाता है, डॉ. अंबेडकर के योगदानों और उनके जीवन को सम्मानित करने के लिए है। वह भारतीय संविधान के शिल्पकार, समाज सुधारक और मानवाधिकार कार्यकर्ता थे। पहली बार 1928 मे पुंणे मे उनकी जयंती मनाई गई, और 1990 मे उन्हे मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया।



**103. इंग्लैडं के तेज़ गेदंबाज़ जेम्स एंडरसन को 11 अप्रैल 2025 को किस सम्मान से नवाजा गया ?**

A - भारत रत्न
B - नाइटहुड
C - पद्मश्री
D - ओलंपिक गोल्ड मेडल

इंग्लैडं के महान तेज़ गेदंबाज़ जेम्स एंडरसन को 11 अप्रैल 2025 को नाइटहुड से सम्मानित किया गया और वे अब "Sir Jimmy Anderson" के नाम से जाने जाएंगे। 2003 मे टेस्ट क्रिकेट मे पंदार्पण करने वाले एंडरसन ने 188 टेस्ट मैचों मे 704 विकेट लिए, जो इंग्लैडं के लिए सबसे अधिक है। वे टेस्ट क्रिकेट मे तीसरे सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी है।




**104. Razorpay ने किस नई UPI सेवा का अनावरण 9 अप्रैल 2025 को किया ?**

A - Razorpay UPI
B - Turbo UPI
C - UPI Boost
D - FastPay UPI

फिनटेक कंपनी Razorpay ने 9 अप्रैल 2025 को Turbo UPI प्लगइन का अनावरण किया, जिसे NPCI BHIM Services Limited (NBSL) और Axis Bank के साथ साझेदारी मे विकसित किया गया है। यह UPI समाधान BHIM Vega प्लेटफॉर्म पर आधारित है और उपयोगकर्ताओं को ऐप के भीतर ही भुगतान करने की सुविधा देता है, जिससे बाहरी रीडायरेक्शन की आवश्यकता खत्म हो जाती है।

Razorpay

105. ट्रंप प्रशासन ने हार्वर्ड से कौन-सी प्रमुख मांग की थी ?

A - सभी अंतरराष्ट्रीय छात्रों की प्रवेश को रद्द किया जाए
B - प्रो-फिलिस्तीनी प्रदर्शनकारियों पर प्रतिबंध लागू किया जाए
C - योग्यता आधारित प्रवेश प्रणाली लागू की जाए
D - फैकल्टी मे विविधता बढ़ाई जाए

अप्रैल 2025 मे, ट्रंप प्रशासन ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय को मिलने वाली लगभग 2.3 अरब डॉलर की संघीय निधि रोक दी, क्योंकि विश्वविद्यालय ने प्रशासन की मांगों को अस्वीकार कर दिया था। इन मांगों मे विविधता, समानता और समावेशन (DEI) कार्यक्रमों को बंद करने, योग्यता आधारित सुधारों को लागू करने और विचारधाराओं के ऑडिट का प्रस्ताव शामिल था।



106. जगन्नाथ धाम मंदिर का उद्घाटन किस तिथि को होगा ?

A - 25 अप्रैल 2025
B - 30 अप्रैल 2025
C - 1 मई 2025
D - 27 अप्रैल 2025

पश्चिम बंगाल मे 30 अप्रैल 2025 को दीघा मे जगन्नाथ धाम मंदिर का उद्घाटन एक भव्य धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन के रूप मे होगा, जिसका उद्घाटन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी करेंगी। इस कार्यक्रम मे 12,000 से 14,000 लोगों के शामिल होने की संभावना है, जिनमे गणमान्य व्यक्ति, राजनेता, फिल्मी हस्तियाँ और उद्योगपति भी होंगे। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए राज्य प्रशासन ने सुरक्षा, चिकित्सा और परिवहन व्यवस्था को मजबूत किया है।



107. तेलंगाना सरकार ने अनुसूचित जातियों के उप-वर्गीकरण को कब लागू किया ?

A - 26 जनवरी 2025
B - 8 मार्च 2025
C - 14 अप्रैल 2025
D - 1 अगस्त 2024

तेलंगाना सरकार ने 14 अप्रैल 2025 को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए अनुसूचित जातियों (SC) के उप-वर्गीकरण को लागू किया। "तेलंगाना अनुसूचित जातियाँ (आरक्षण का युक्तिकरण) अधिनियम, 2025" के तहत इस निर्णय को सरकारी आदेश के माध्यम से लागू किया गया। यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट द्वारा 1 अगस्त 2024 को दी गई मंजूरी के बाद संभव हुआ।




108. नागालैंड सौर मिशन की शुरुआत किस योजना के साथ की गई ?

A - प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना
B - प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना
C - प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना
D - प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर भारत योजना

नागालैंड सरकार ने पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा मे ऐतिहासिक कदम उठाते हुए नागालैंड सौर मिशन की शुरुआत की है। मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो ने 2025 मे इस योजना की घोषणा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के साथ तालमेल मे की। मिशन का उद्देश्य राज्य मे छतों पर सौर ऊर्जा प्रणालियों को प्रोत्साहित करना और हर घर को सस्ती, स्वच्छ ऊर्जा से जोड़ना है।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**109. ओडिशा विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 2024 के तहत कुलपतियों की आयु सीमा कितनी बढ़ाई गई है ?**

**A - 70 वर्ष** B - 75 वर्ष

C - 65 वर्ष D - 60 वर्ष

ओडिशा विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 2024 ने राज्य की उच्च शिक्षा प्रणाली मे महत्वपूर्ण बदलाव किए है। इस अधिनियम के तहत विश्वविद्यालयों को भर्ती प्रक्रियाओं और प्रशासनिक कार्यों मे अधिक स्वायत्तता दी गई है, जिससे वे अपनी जरूरतों के अनुसार शिक्षकों की भर्ती कर सकते है। पहले यह प्रक्रिया सरकार के नियंत्रण मे थी।



**110. 200 मेगावाट की स्वच्छ ऊर्जा परियोजना से टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड की अक्षय ऊर्जा क्षमता कितनी बढ़ जाएगी ?**

A - 9 गीगावाट **B - 10.9 गीगावाट**

C - 12 गीगावाट D - 15 गीगावाट

टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (TPREL) और NTPC लिमिटेड ने 200 मेगावाट की स्वच्छ ऊर्जा परियोजना विकसित करने के लिए विद्युत खरीद समझौते (PPA) पर हस्ताक्षर किए है। यह परियोजना भारत के विभिन्न स्थानों पर फैली होगी और इसे 24 महीने मे पूरा करने की योजना है। इस परियोजना से TPREL की अक्षय ऊर्जा क्षमता 10.9 गीगावाट तक बढ़ जाएगी और हर साल लगभग 1,300 मिलियन यूनिट (MU) विद्युत उत्पन्न होगी।




**111. क्रिसिल के अनुसार, वित्त वर्ष 2026 (FY26) मे भारत की GDP वृद्धि का अनुमान कितना है ?**

A - 5.5% B - 6.0%

**C - 6.5%** D - 7.0%

क्रिसिल ने वित्त वर्ष 2026 (FY26) के लिए भारत की GDP वृद्धि का अनुमान 6.5% रखा है, जो एक सकारात्मक आर्थिक दृष्टिकोण को दर्शाता है। इस वृद्धि का मुख्य कारण मौद्रिक सहजता, कर राहत, और सामान्य मानसून की स्थिति है, जो आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देगें। हालांकि, अमेरिकी टैरिफ बढ़ोतरी के संभावित जोखिमों के कारण यह अनुमान प्रभावित हो सकता है



**112. विश्व कला दिवस कब मनाया जाता है ?**

A - 1 अप्रैल **B - 15 अप्रैल**

C - 5 मई D - 20 मार्च

कला दुनिया भर के लोगों के लिए रचनात्मकता, नवाचार और सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा देती है। यह ज्ञान साझा करने, जिज्ञासा और संवाद को प्रोत्साहित करने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कला की स्वतंत्रता और संरक्षण के लिए उचित माहौल बनाए रखना आवश्यक है, ताकि कला का विकास हमारी दुनिया को स्वतंत्र और शांतिपूर्ण बना सके।




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

113. वर्तमान मे ISL मे कितने क्लब भाग लेते है ?

A - 10 B - 12

C - 13 D - 14

मोहन बागान सुपर जायंट ने 2024-25 सत्र का इंडियन सुपर लीग (ISL) खिताब जीत लिया, फाइनल मे बेंगलुरु एफसी को हराकर। यह मुकाबला कोलकाता के विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन मे हुंआ। यह टीम का दूसरा ISL खिताब है, पहला 2022-23 मे ATK मोहन बागान के नाम से जीता था। मोहन बागान सुपर जायंट अब ISL शील्ड और खिताब एक ही सत्र मे जीतने वाली दूसरी टीम बन गई है।



114. हाल ही मे जस्टिस अरुण पल्ली को किस उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है ?

A - पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय B - दिल्ली उच्च न्यायालय

C - जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय D - उत्तराखंड उच्च न्यायालय

जस्टिस अरुण पल्ली को हाल ही मे जंम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। वर्तमान मे वे पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय मे न्यायाधीश है। उन्हे 2007 मे वरिष्ठ अधिवक्ता और 2013 मे न्यायाधीश नियुक्त किया गया था। वे हरियाणा राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष और NALSA के शासी निकाय के सदस्य भी है।



115. हाल ही मे ऑनलाइन स्थायी लोक अदालत सेवा शुरू करने वाला भारत का पहला राज्य कौन बना ?

A - महाराष्ट्र B - कर्नाटक

C - तमिलनाडु D - केरल

केरल 11 अप्रैल 2025 को भारत का पहला राज्य बना जिसने ऑनलाइन स्थायी लोक अदालत सेवा शुरू की। यह पहल KELSA द्वारा शुरू की गई है, जिससे लोग अब घर बैठे अपने मामले ऑनलाइन दर्ज कर सकेगें। इसका उद्घाटन केरल उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश नितिन एम जामदार ने किया। तिरुवनंतपुरम, एर्नाकुलम और कोझीकोड मे कार्यरत लोक अदालतों से शुरू होकर यह सेवा मई के पहले सप्ताह से पूरी तरह कार्यशील होगी।




116. भारतीय रिजर्व बैकं (RBI) अपनी अतिरिक्त आय (surplus) किसे हस्तांतरित करता है ?

A - राज्य सरकार B - भारत सरकार

C - RBI कर्मचारियों को D - निजी बैकों को

भारतीय रिजर्व बैकं (RBI) हर वर्ष अपनी अतिरिक्त आय (surplus) भारत सरकार को ट्रांसफर करता है, जो RBI की कुल आय और व्यय के बीच का अंतर होता है। यह राशि सरकार की राजकोषीय ज़रूरतों और बजट को समर्थन देती है। RBI की आय मुख्यत: सरकारी और विदेशी परिसंपत्तियों से होती है, जबकि खर्च सीमित होता है। यह ट्रांसफर RBI अधिनियम 1934 की धारा 47 के तहत होता है। Bimal Jalan समिति की सिफारिशों के अनुसार, RBI अपनी पूंजी का हिस्सा सुरक्षित रखता है और शेष सरकार को देता है




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**117. MIBOR की गणना किसके आधार पर की जाती है ?**

A - सैद्धांतिक मॉडल पर　　B - RBI निर्देशों पर

**C - पहले एक घंटे के लेन-देन पर**　　D - वार्षिक ब्याज दर पर

MIBOR (Mumbai Interbank Offer Rate) भारत की एक प्रमुख बेंचमार्क ब्याज दर है, जो दर्शाती है कि बैंक बिना गारंटी के एक-दूसरे को कितनी दर पर ऋण देते हैं। इसे प्रतिदिन FBIL द्वारा प्रकाशित किया जाता है और यह बाजार के पहले घंटे के लेन-देन पर आधारित होती है। MIBOR ऋण, जमा, बॉन्ड और डेरिवेटिव की दरों को प्रभावित करता है। LIBOR की विश्वसनीयता घटने के बाद भारत ने MIBOR और अब SORR (Secured Overnight Rupee Rate) को अपनाया, जो अधिक पारदर्शी और सुरक्षित है।




**118. हाल ही मे IAMEX समुद्री अभ्यास की मेजबानी किस देश ने की ?**

A - केन्या　　B - भारत

**C - तंजानिया**　　D - सेशेल्स

हाल ही मे भारत और आठ अफ्रीकी देशों के बीच 'India-Africa Maritime Engagement Exercise' (IAMEX) आयोजित हुआ, जिसकी मेजबानी तंजानिया ने की। इसका उद्देश्य समुद्री सुरक्षा और सहयोग को मजबूत करना था। अभ्यास दो चरणों—'हार्बर फेज़' और 'सी फेज़'—मे संपन्न हुआ। भारत की ओर से INS त्रिकंद और INS सुमेधा ने भाग लिया। यह अभ्यास भारत की 'सागर' नीति के तहत क्षेत्रीय स्थिरता और साझेदारी को बढ़ावा देता है



**119. भारतीय भारोत्तोलन महासंघ (IWLF) के एथलीट्स कमीशन का अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया है ?**

A - पीवी सिंधु　　**B - सैखोम मीराबाई चानू**

C - मीराबाई चानू　　D - दीपिका कुमारी

भारतीय ओलंपिक रजत पदक विजेता सैखोम मीराबाई चानू को भारतीय भारोत्तोलन महासंघ (IWLF) के एथलीट्स कमीशन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मीराबाई, जिन्होंने टोक्यो ओलंपिक मे रजत और राष्ट्रमंडल खेलों मे स्वर्ण पदक जीते, इस भूमिका मे एथलीटों के कल्याण और समस्याओं का समाधान करने का संकल्प लिया है। उनकी नियुक्ति भारतीय खेल जगत मे महिला नेतृत्व को बढ़ावा देती है और एथलीट-आधारित प्रशासनिक नेतृत्व को प्रोत्साहित करती है।



**120. सौरभ चौधरी ने 2025 आईएसएसएफ वर्ल्ड कप मे 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा मे कौन सा पदक जीता ?**

A - स्वर्ण　　B - रजत

**C - कांस्य**　　D - कोई पदक नहीं

भारतीय ओलंपिक रजत पदक विजेता सैखोम मीराबाई चानू को भारतीय भारोत्तोलन महासंघ (IWLF) के एथलीट्स कमीशन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मीराबाई, जिन्होंने टोक्यो ओलंपिक मे रजत और राष्ट्रमंडल खेलों मे स्वर्ण पदक जीते, इस भूमिका मे एथलीटों के कल्याण और समस्याओं का समाधान करने का संकल्प लिया है। उनकी नियुक्ति भारतीय खेल जगत मे महिला नेतृत्व को बढ़ावा देती है और एथलीट-आधारित प्रशासनिक नेतृत्व को प्रोत्साहित करती है।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

121. अभी हाल ही मे " इंडिया जस्टिस रिपोर्ट - 2025" का कौनसा संस्करण जारी किया गया ?

A - चौथा
B - पाँचवा
C - दूसरा
D - तीसरा

टाटा ट्रस्ट की इंडिया जस्टिस रिपोर्ट (IJR) 2025 के चौथे संस्करण मे भारत की न्याय प्रणाली के चार स्तंभों – पुलिस, न्यायपालिका, जेल और विधिक सहायता – की स्थिति का मूल्यांकन किया गया है। रिपोर्ट मे महिलाओं की पुलिस मे भागीदारी कम पाई गई और वरिष्ठ पदों पर 1,000 से भी कम महिलाएं है। यूपी मे जेलों मे सबसे अधिक भीड़ है और हाईकोर्ट मे न्यायाधीशों की भारी कमी है, जबकि दिल्ली की जेलों मे 91% कैदी विचाराधीन है। पुलिस ढांचे मे भी कई खामियाँ है।



122. अभी हाल ही मे भारत की पहली "मिसेज ग्लोब इंटरनेशनल" महिला कौन बनी है ?

A - श्वेता तिवारी
B - अनुराधा गर्ग
C - रुचि त्यागी
D - प्राची विश्नोई

गुरुग्राम की अनुराधा गर्ग ने चीन मे आयोजित मिसेज ग्लोब इंटरनेशनल 2025 का खिताब जीतकर देश को गौरवान्वित किया। वे एक बेटी की मां, अनुभवी फाइनेंशियल कंसल्टेंट और मॉडल है। अनुराधा ने 2024 मे मिसेज इंडिया ग्लोब, मिसेज इंक सीजन-5 और 2025 मे टाइम अपलाउड अवार्ड भी जीते थे। मिसेज ग्लोब इंटरनेशनल विवाहित महिलाओं की वैश्विक सौंदर्य प्रतियोगिता है, जो उनकी सुंदरता, बुद्धिमत्ता और सामाजिक योगदान को पहचान देती है



123. "निवेशक दीदी पहल" कार्यक्रम सर्वप्रथम कब लॉन्च किया गया था ?

A - 2021
B - 2022
C - 2023
D - 2024

IEPFA और IPPB ने ग्रामीण महिलाओं के लिए वित्तीय साक्षरता बढ़ाने हेतु "निवेशक दीदी" पहल के दूसरे चरण की शुरुआत की है। यह महिला नेतृत्व वाली शिक्षा पर आधारित है, जिसका उद्देश्य डिजिटल लेनदेन, बैंकिंग समावेशन और धोखाधड़ी से सुरक्षा की जानकारी देना है। इस चरण मे 40,000 से अधिक महिला डाक कर्मचारियों को प्रशिक्षित कर 4,000 से अधिक शिविर आयोजित किए जाएँगे।



124. विश्व विरासत दिवस कब मनाया जाता है ?

A - 16 अप्रैल
B - 15 अप्रैल
C - 17 अप्रैल
D - 18 अप्रैल

विश्व विरासत दिवस हर साल 18 अप्रैल को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इसकी शुरुआत 1982 मे हुई और 1983 मे यूनेस्को ने इसे मान्यता दी। 2025 की थीम है – "आपदाओं और संघर्षों से खतरे मे पड़ी विरासत"। भारत मे कुल 43 यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल है। 1983 मे अजंता-एलोरा की गुफाएं पहली बार सूची मे शामिल हुईं, जबकि हाल ही मे होयसला मंदिर समूह (2023), शांतिनिकेतन (2023) और असम के मोईदाम (2024) को भी शामिल किया गया है।




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**125. हाल ही मे किस राज्य सरकार ने केद्रं-राज्य संबंधों की समीक्षा हेतु 'कुरियन जोसेफ समिति' गठित की है ?**

A - राजस्थान
B - मध्यप्रदेश
C - कर्नाटक
**D - तमिलनाडु**

तमिलनाडु सरकार ने केद्रं-राज्य संबंधों की समीक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस कुरियन जोसेफ की अध्यक्षता मे समिति गठित की है। इसमे पूर्व आईएएस अशोक वर्धन शेट्टी और अर्थशास्त्री एम. नागनाथन भी सदस्य है। समिति केद्रं के हस्तक्षेप के आरोपों के बीच राज्यों के अधिकारों की रक्षा और संघीय ढांचे की मजबूती पर सुझाव देगी। यह समिति जनवरी 2026 तक अंतरिम और दो वर्षो मे अंतिम रिपोर्ट देगी।



**126. अभी हाल ही मे जंनरल ब्राइस ओलिगी नगुएमा को किस देश का राष्ट्रपति चुना गया है ?**

**A - गैबॉन**
B - युगांडा
C - जिम्बाब्वे
D - नीदरलैडं

जनरल ब्राइस ओलिगी नगुएमा ने गैबॉन मे राष्ट्रपति चुनाव मे 90% से अधिक मतों से जीत हासिल की है। यह चुनाव 2023 मे हुए सैन्य तख्तापलट के बाद हुआ, जिसमे उन्होंने बोंगो परिवार को सत्ता से हटाया था। नगुएमा पहले रिपब्लिकन गार्ड के प्रमुख और बोंगो परिवार के सलाहकार रह चुके है। देश मे भ्रष्टाचार, युवाओं मे बेरोजगारी और आर्थिक असमानता जैसी गंभीर चुनौतियाँ बनी हुई है



**127. अभी हाल ही मे कौनसा देश USA की राष्ट्रीय वैमानिकी और अंतरिक्ष प्रशासन (नासा) के आर्टेमिस समझौते मे 54वे संदस्य के रूप मे शामिल हुआ है ?**

A - नेपाल
**B - बांग्लादेश**
C - भारत
D - जापान

बांग्लादेश ने नासा के आर्टेमिस समझौते पर हस्ताक्षर कर दक्षिण एशिया मे भारत के बाद ऐसा करने वाला दूसरा और विश्व का 54वाँ देश बन गया है। यह समझौता चंद्रमा, मंगल और अन्य अंतरिक्ष मिशनों के शांतिपूर्ण अन्वेषण को बढ़ावा देता है। इसकी शुरुआत 13 अक्टूबर 2020 को हुई थी और यह 1967 की बाह्य अंतरिक्ष संधि की भावना को आगे बढ़ाता है। यह समझौता गैर-बाध्यकारी होते हुए भी अंतरिक्ष सहयोग, यात्रियों की सुरक्षा और अंतरिक्ष संसाधनों के शांतिपूर्ण उपयोग को सुनिश्चित करता है।



**128. विश्व डोपिंग रोधी एजेसी (वाडा) से मान्यता प्राप्त एथलीट पासपोर्ट प्रबंधन इकाई स्थापित करने वाला विश्व का 17वाँ देश कौनसा है ?**

**A - भारत**
B - जापान
C - चीन
D - दक्षिण अफ्रीका

भारत 17वाँ देश बन गया है जिसने वाडा से मान्यता प्राप्त एथलीट पासपोर्ट प्रबंधन इकाई स्थापित की है। यह इकाई नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय डोपिंग परीक्षण प्रयोगशाला मे बनाई गई और 17 अप्रैल 2025 को केद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने इसका उद्घाटन किया। इसका उद्देश्य खेलों मे डोपिंग पर निगरानी रखना और निष्पक्षता सुनिश्चित करना है। यह वाडा के दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्य करेगी



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**129. भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (IMEC) का आधिकारिक उद्घाटन कब हुआ था ?**

**A - 9 सितंबर 2023** | B - 2 अक्टूबर 2022
C - 15 अगस्त 2015 | D - 26 जनवरी 2020

भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (IMEC) पर नई दिल्ली मे आयोजित सम्मेलन को केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने संबोधित किया। IMEC का उद्देश्य एशिया, मध्य पूर्व और यूरोप के बीच आर्थिक सहयोग और कनेक्टिविटी बढ़ाना है। 9 सितंबर 2023 को G20 शिखर सम्मेलन मे भारत समेत आठ देशों ने इसकी शुरुआत की। इसमे दो मार्ग – पूर्वी (भारत से इस्राइल तक) और उत्तरी (खाड़ी देशों से यूरोप तक) शामिल है।




**130. यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर मे कितनी भारतीय दस्तावेजी विरासते अंकित की गयी है ?**

A - 11 | **B - 14**
C - 15 | D - 21

श्रीमद भगवद गीता और नाट्यशास्त्र को यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर मे शामिल किया गया है, जिससे इसमे शामिल भारतीय अभिलेखों की संख्या अब 14 हो गई है। यह फैसला 17 अप्रैल 2025 को पेरिस मे हुई यूनेस्को की बैठक मे लिया गया। भगवद गीता महाभारत का धार्मिक और दार्शनिक ग्रंथ है, जबकि नाट्यशास्त्र भरतमुनि द्वारा रचित प्राचीन नाट्य और संगीत शास्त्र है।



**131. किस उद्देश्य से ADB ने अप्रैल 2025 मे त्रिपुरा को 85.4 मिलियन डॉलर का ऋण स्वीकृत किया है ?**

**A - औद्योगिक क्षेत्र मे** | B - शिक्षा के क्षेत्र मे
C - स्वच्छता अभियान के लिए | D - निम्न मे से कोई नहीं

एशियाई विकास बैंक (ADB) ने त्रिपुरा के नौ औद्योगिक क्षेत्रों के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 85.4 मिलियन डॉलर के ऋण को मंजूरी दी है। इस परियोजना के तहत परिवहन, बिजली, जल आपूर्ति, स्वच्छता, ई-वाहन चार्जिंग स्टेशन और महिला उद्यमिता के लिए भूमि आरक्षण शामिल है। यह कदम राज्य के औद्योगिक विकास को गति देगा। ADB का मुख्यालय मेट्रो मनीला, फिलीपींस मे है और इसके अध्यक्ष मासातो कांडा है।




**132. इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस (IBCA) का मुख्यालय कहाँ पर है ?**

A - नेपाल | B - चीन
**C - भारत** | D - रूस

इंटरनेशनल बिग कैट्स एलायंस (IBCA) का मुख्यालय भारत मे स्थापित किया जाएगा, जिसे एक औपचारिक समझौते के तहत विशेषाधिकार और बजटीय सहायता (150 करोड़ रुपये, 2023-2029) मिलेगी। IBCA की स्थापना 2023 मे हुई थी और यह अब एक संधि आधारित अंतर-सरकारी संस्था है। इसका उद्देश्य सात बड़ी बिल्ली प्रजातियों के वैश्विक संरक्षण को बढ़ावा देना है। भारत इनमे से पांच प्रजातियों का घर है।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**133. हालिया निर्णय के अनुसार औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) को कितने दिनों के भीतर जारी किया जाएगा ?**



A - 28 दिनों मे
B - 30 दिनों मे
C - 15 दिनों मे
D - 2 माह मे

अप्रैल 2025 से औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) अब हर माह की 28 तारीख को जारी किया जाएगा, जो पहले की तुलना मे 14 दिन पहले होगा। अब केवल दो अनुमान – त्वरित और अंतिम – प्रकाशित होंगे। IIP, जो खनन, विनिर्माण और बिजली क्षेत्रों को कवर करता है, CSO द्वारा संकलित किया जाता है और यह औद्योगिक गतिविधियों की प्रवृत्ति मापने मे मदद करता है।

**134. अभी हाल ही मे देश के किस राज्य ने 'ऑनलाइन स्थायी लोक अदालत सेवाएं' शुरू की है ?**



A - तमिलनाडु
B - कर्नाटक
C - केरल
D - मध्यप्रदेश

केरल देश का पहला राज्य बन गया है जिसने 'ऑनलाइन स्थायी लोक अदालत' सेवाएं शुरू की है। यह पहल जनोपयोगी सेवाओं से जुड़े विवादों को डिजिटल माध्यम से सुलझाने मे मदद करेगी। स्थायी लोक अदालते सिविल कोर्ट जैसी शक्तियों से लैस होती है और इनके निर्णय अंतिम व बाध्यकारी होते है। इनका अधिकार क्षेत्र 1 करोड़ रुपये तक के मामलों तक सीमित होता है।

**135. एयरपोर्ट्स काउंसिल इंटरनेशनल (ACI) द्वारा जारी नवीनतम आँकड़ों के अनुसार वर्ष 2024 मे IGI दुनिया के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों मे किस स्थान पर रहा ?**



A - 6 वाँ
B - 7 वाँ
C - 8 वाँ
D - 9 वाँ

दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (IGI) हवाई अड्डा वर्ष 2024 मे दुनिया का 9वां सबसे व्यस्त हवाई अड्डा बन गया है। एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल (ACI) की रिपोर्ट के अनुसार, IGI एयरपोर्ट ने 77.8 मिलियन यात्रियों को सेवा दी, जो 2023 की तुलना मे 7.8% अधिक है। यह 2018 मे 16वे स्थान पर था। ACI की रैंकिंग यात्रियों की संख्या के आधार पर होती है।

**136. भारत मे उपग्रह प्रौद्योगिकी दिवस कब मनाया जाता है ?**



A - 19 अप्रैल
B - 19 मार्च
C - 20 मई
D - 21 जून

भारत मे 19 अप्रैल को उपग्रह प्रौद्योगिकी दिवस मनाया जाता है, जो 1975 मे भारत के पहले उपग्रह "आर्यभट्ट" के सफल प्रक्षेपण की स्मृति मे है। इस दिन का उद्देश्य भारत की उपग्रह तकनीकी क्षमताओं और वैज्ञानिक उपलब्धियों का सम्मान करना है और युवाओं मे अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति रुचि को बढ़ावा देना है। आर्यभट्ट उपग्रह का प्रक्षेपण सोवियत संघ के कॉस्मोड्रोम से किया गया था और इसका मुख्य उद्देश्य खगोलशास्त्रीय और वायुमंडलीय अध्ययन करना था।

VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

137. राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के अनुसार बोत्सवाना से लाए जाने वाले आठ चीतों को किस वन्यजीव अभयारण्य मे स्थानांतरित किया जाएगा ?

A - गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य
B - कुनो राष्ट्रीय उद्यान
C - रणथंभौर अभयारण्य
D - सरिस्का अभयारण्य

प्रोजेक्ट चीता के तहत मध्य प्रदेश के गांधी सागर अभयारण्य मे बोट्सवाना से आठ और चीते लाए जाएंगे, जिनमे से पहले चार मई 2025 मे आएंगे। 20 अप्रैल 2025 को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कुनो नेशनल पार्क से दो चीतों को गांधी सागर मे स्थानांतरित किया। अब तक भारत मे नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से लाए गए 26 चीते कुनो पार्क मे है। 1952 मे भारत मे चीते विलुप्त घोषित किए गए थे।



138. लखनऊ मे 2025 संसद खेल महाकुंभ का उद्घाटन किसने किया ?

A - राजनाथ सिंह
B - अमित शाह
C - निर्मला सीतारमण
D - गिरिराज सिंह

19 से 22 अप्रैल 2025 तक लखनऊ मे संसद खेल महाकुंभ का आयोजन हो रहा है, जिसका उद्घाटन केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने के. डी. सिंह बाबू स्टेडियम मे किया। इस आयोजन की पहल उन्होंने अपने लखनऊ संसदीय क्षेत्र के तहत की। उद्घाटन समारोह मे 10 वरिष्ठ एथलीटों और 5 कोचों को सम्मानित किया गया। आठ खेलों मे आयोजित इस प्रतियोगिता मे करीब 2500 खिलाड़ियों ने भाग लिया है।



139. अभी हाल ही मे किस राज्य सरकार ने एस.सी. उपवर्गीकरण अध्यादेश के मसौदे को मंजूरी दी है ?

A - राजस्थान
B - छत्तीसगढ़
C - आंध्र प्रदेश
D - तमिलनाडु

आंध्र प्रदेश कैबिनेट ने अनुसूचित जातियों के उप-श्रेणीकरण को लागू करने के लिए मसौदा अध्यादेश को मंजूरी दी है। यह निर्णय "आरक्षण के भीतर आरक्षण" की अवधारणा पर आधारित है, जिससे आरक्षण का लाभ संतुलित रूप से सभी उप-जातियों को मिल सकेगा। राजीव रंजन मिश्रा आयोग की सिफारिशों के आधार पर SC की 59 उप-जातियों को तीन श्रेणियों मे बांटा गया है।



140. अभी हाल ही मे भारत सरकार द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) का महानिदेशक किसे नियुक्त किया गया है ?

A - आलोक रंजन
B - मांगी लाल जाट
C - हिमांशु जैन
D - ललित पंवार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने डॉ. मांगी लाल जाट को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) का नया महानिदेशक नियुक्त किया है। वे हिमांशु जैन का स्थान लेगें और तीन वर्षों के लिए इस पद पर रहेगें। राजस्थान के पचकोड़िया मे जन्मे डॉ. जाट ने ICAR-IARI, नई दिल्ली से पीएचडी की है और मृदा नमी संरक्षण मे विशेषज्ञता रखते है।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**141. बहुराष्ट्रीय अभ्यास डेजर्ट फ्लैग - 10 किस देश द्वारा आयोजित किया जा रहा है ?**

A - ऑस्ट्रेलिया    B - अमेरिका
C - बरमूडा    **D - UAE**

भारतीय वायुसेना ने 21 अप्रैल से 8 मई 2025 तक UAE के अल धाफरा एयर बेस पर आयोजित बहुराष्ट्रीय हवाई युद्धाभ्यास 'डेजर्ट फ्लैग-10' मे भाग लेने के लिए अपना दल तैनात किया है। यह भारत की संचालन क्षमताओं को बढ़ाने और वैश्विक सैन्य साझेदारों से सहयोग को मजबूत करने का प्रयास है। यह अभ्यास UAE वायुसेना द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है



**142. अभी हाल ही मे किस ग्रुप के माध्यम से स्लोवाकिया के साथ भारत का पहला रक्षा समझौता हस्ताक्षरित हुआ है ?**

A - रिलायंस ग्रुप    **B - JCBL ग्रुप**
C - टाटा समूह    D - अडानी ग्रुप

अप्रैल 2025 मे भारत और स्लोवाकिया ने पहला रक्षा समझौता ज्ञापन (MoU) हस्ताक्षरित किया, जिसका उद्देश्य भारत की घरेलू रक्षा उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाना है। यह समझौता राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की स्लोवाकिया यात्रा के दौरान हुआ। इस MoU के अंतर्गत भारत की एयरबॉर्निक्स डिफेंस एंड स्पेस प्राइवेट लिमिटेड (ADSL) और स्लोवाकियाई कंपनियाँ मिलकर अगली पीढ़ी के कॉम्बैट वाहनों के लिए आधुनिक रक्षा तकनीकों का विकास करेंगी।



**143. बहुप्रतीक्षित NISAR उपग्रह मिशन किन दो देशों के बीच एक अनोखी सहयोगात्मक परियोजना है ?**

A - भारत व ऑस्ट्रेलिया    B - भारत व रूस
C - भारत व न्यूजीलैडं    **D - भारत व अमेरिका**

NISAR (NASA-ISRO Synthetic Aperture Radar) मिशन भारत की ISRO और अमेरिका की NASA के बीच पहला बड़ा पृथ्वी विज्ञान सहयोग है, जिसे जून 2025 मे GSLV रॉकेट से लॉन्च किया जाएगा। इसका उद्देश्य पृथ्वी की सतह पर हो रही प्राकृतिक प्रक्रियाओं की उच्च सटीकता से निगरानी करना है। यह मिशन जलवायु परिवर्तन, वनों मे बदलाव, हिमखंडों के पिघलने, भूकंप, ज्वालामुखी, भूमि विकृति और पारिस्थितिक तंत्र मे हो रहे परिवर्तनों पर नजर रखेगा।



**144. केरल ने अभी हाल ही मे किस IIT के साथ सहयोग से व्हीकल-टू-ग्रिड (V2G) प्रौद्योगिकी की व्यवहार्यता का पता लगाने के लिए एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया है ?**

A - IIT खड़गपुर    B - IIT कानपुर
C - IIT दिल्ली    **D - IIT बॉम्बे**

केरल सरकार ने IIT बॉम्बे के साथ मिलकर व्हीकल-टू-ग्रिड (V2G) तकनीक पर एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया है, जिसका उद्देश्य इलेक्ट्रिक वाहनों (EVs) की बैटरियों से ग्रिड मे बिजली वापस भेजने की संभावनाओं की जांच करना है। यह तकनीक ग्रिड की स्थिरता को बढ़ाने और नवीकरणीय ऊर्जा को बेहतर ढंग से एकीकृत करने मे मंदद करती है। इसके दो मोड है




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**145. DPS वेटलैडं को किस पक्षी की सुरक्षा के लिए संरक्षित रिजर्व घोषित किया गया है ?**



**A - फ्लेमिंगो** | B - गोडावण
C - सारस | D - हंस

महाराष्ट्र राज्य वन्यजीव बोर्ड ने नवी मुंबई के डीपीएस वेटलैडं को फ्लेमिंगो कंजर्वेशन रिजर्व घोषित किया है, जिससे इन पक्षियों के लिए सुरक्षित आवास सुनिश्चित किया जा सके और हवाई दुर्घटनाओं की आशंका कम की जा सके। वर्धा जिले के बोर वन्यजीव अभयारण्य का विस्तार कर आसपास के पाँच गाँवों को शामिल किया गया है। पश्चिमी घाट की पारंपरिक देवराई (पवित्र उपवन) को संरक्षण रिजर्व घोषित करने हेतु एक समिति गठित की गई है।

**146. अभी हाल ही मे किस केद्रीय मंत्रालय के द्वारा मीठे पानी की जैव विविधता संरक्षण हेतु डिजिटल मंच का शुभारंम किया ?**



A - गृह मंत्रालय | **B - जलशक्ति मंत्रालय**
C - वित्त मंत्रालय | D - विदेश मंत्रालय

केद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने नई दिल्ली मे मीठे पानी की जैव विविधता संरक्षण हेतु एक डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च किया। यह मंच राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (NMCG) के तहत भारतीय वन्यजीव संस्थान की परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान शुरू किया गया। इसका उद्देश्य भारत की प्रमुख नदियों जैसे गंगा, कावेरी और गोदावरी की जैव विविधता से जुड़ी जानकारी को एकत्र कर नीति निर्माताओं, शोधकर्ताओं और समुदायों को सहयोग प्रदान करना है।

**147. "संस्कृति का पांचवा अध्याय" पुस्तक मे किस भारतीय प्रधानमंत्री के भाषणों का संकलन है ?**




A - इंदिरा गांधी | B - जवाहरलाल नेहरू
**C - नरेन्द्र मोदी** | D - गुलजारी लाल नंदा

नई दिल्ली मे प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी के भाषणों के संकलन "संस्कृति का पांचवा अध्याय" का विमोचन जूना अखाड़े के प्रमुख आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि ने किया। यह पुस्तक भारतीय संस्कृति, परंपराओं और आध्यात्मिक मूल्यों पर आधारित भाषणों का संग्रह है। इसकी प्रस्तावना राम बहादुर राय ने लिखी है और संकलन डॉ. प्रभात ओझा ने किया है। प्रकाशन प्रभात प्रकाशन द्वारा किया गया है।

**148. ब्रेक थ्रू पुरस्कार किस क्षेत्र मे प्रतिष्ठित कार्य करने के लिए दिया जाता है ?**



**A - विज्ञान व गणित** | B - मानविकी
C - पर्यावरण | D - साहित्य

कोलकाता स्थित बोस संस्थान को 2025 मे CERN के ALICE प्रयोग मे योगदान के लिए फंडामेटंल फिजिक्स मे ब्रेकथ्रू पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार उच्च ऊर्जा भौतिकी मे भारत की भूमिका को वैश्विक स्तर पर मान्यता देता है। ब्रेकथ्रू पुरस्कार की शुरुआत 2012 मे हुई थी, जिसका उद्देश्य मानवता की मूलभूत समझ मे योगदान देने वाले वैज्ञानिकों को सम्मानित करना है।

VISIT OUR WEBSITE
Todaysprint.com

149. अभी हाल ही मे 22वे विधि आयोग का अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया है ?

A - न्यायमूर्ति (पूर्व) दीपक मिश्रा
B - न्यायमूर्ति (पूर्व) दिनेश माहेश्वरी
C - तुषार मेहता
D - एम. एम. श्रीवास्तव



पूर्व सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश दिनेश माहेश्वरी को अप्रैल 2025 मे भारत के 23वे विधि आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। आयोग का मुख्य कार्य समान नागरिक संहिता (UCC) की व्यवहार्यता की जांच करना है। आयोग का कार्यकाल 1 सितंबर 2024 से 31 अगस्त 2027 तक रहेगा और यह सात सदस्यीय होगा। आयोग का उद्देश्य कानूनी सुधारों की सिफारिश करना है, जिसमे UCC जैसे संवेदनशील मुद्दे शामिल है।

150. अभी हाल ही मे RBI ने किस प्रकार के नाबालिग बैकं खाताधारकों को अपने अभिभावकों के स्वतंत्र रूप से अपना बैकं खाता संचालित करने की अनुमति दी है ?

A - 6-14 वर्ष
B - 10 वर्ष से अधिक आयु के नाबालिग
C - 18 वर्ष से अधिक
D - 10 वर्ष से कम




भारतीय रिजर्व बैकं (RBI) ने नाबालिगों के लिए बैकं खाता खोलने और संचालित करने के नियमों को सरल किया है। अब नाबालिगों के बैकं खाते उनके अभिभावक, जिसमे माँ भी शामिल है, द्वारा खोले और संचालित किए जा सकते है। नाबालिग बचत, सावधि जमा और आवर्ती जमा खाता खोल सकते है, लेकिन चालू खाता नहीं। RBI ने नाबालिगों को दो समूहों मे विभाजित किया है - 10 वर्ष तक और 10-18 वर्ष के बीच।

151. महाराष्ट्र सरकार ने किस कंपनी के साथ मिलकर "पिंक ई-रिक्शा" योजना शुरू की है ?

A - रिलायंस ग्रुप
B - टाटा समूह
C - अपाचे
D - काइनेटिक ग्रीन एनर्जी लि.



महाराष्ट्र सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए "पिंक ई-रिक्शा योजना" शुरू की है, जिसका शुभारंभ उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने 21 अप्रैल, 2025 को पुणे मे किया। इस योजना के तहत 8 जिलों मे 10,000 बैटरी से चलने वाले ई-रिक्शा वितरित किए जाएंगे, जो विशेष रूप से 20-50 वर्ष आयु की महिलाओं, खासकर विधवा, तलाकशुदा और आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को प्रदान किए जाएंगे।

152. विश्व पृथ्वी दिवस कब मनाया जाता है ?

A - 22 अप्रैल
B - 23 अप्रैल
C - 24 अप्रैल
D - 25 अप्रैल




हर वर्ष 22 अप्रैल को मनाया जाने वाला पृथ्वी दिवस पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के प्रति जागरूकता फैलाने का एक वैश्विक प्रयास है। वर्ष 2025 की थीम "हमारी शक्ति, हमारा ग्रह" रखी गई है, जो सामूहिक प्रयासों द्वारा पृथ्वी की रक्षा पर बल देती है। इस वर्ष का मुख्य लक्ष्य 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन को तीन गुना बढ़ाना है।

VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

153. हाल ही मे मंनी लॉन्ड्रिंग के मामले मे किस देश के पूर्व राष्ट्रपति ओलांटा हुमाला को दोषी ठहराया गया है ?

A - वेनेजुएला
B - पेरू
C - कनाडा
D - नीदरलैंड

पेरू के पूर्व राष्ट्रपति ओलांटा हुमाला और उनकी पत्नी नादिन हेरेडिया को मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप मे दोषी ठहराया गया है और दोनों को 15-15 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। यह मामला 2006 और 2011 के चुनावों के दौरान वेनेजुएला और ब्राजील की कंपनी ओडेब्रेच से अवैध चुनावी फंडिंग से जुड़ा है। हुमाला इस घोटाले मे दोषी ठहराए जाने वाले पहले पेरूवियन राष्ट्रपति है।



154. ऑपरेशन अटलांटा का संचालन कौन करता है ?

A - अफ्रीकी संघ
B - BRICS
C - यूरोपीय संघ
D - UNO

यूरोपीय संघ नौसेना बल ने भारतीय नौसेना के साथ मई 2025 के अंत मे ऑपरेशन अटलांटा के तहत पश्चिमी हिंद महासागर और लाल सागर क्षेत्र मे एक संयुक्त नौसैनिक अभ्यास का प्रस्ताव दिया है। इसका उद्देश्य क्षेत्रीय सुरक्षा बढ़ाना, समुद्री डकैती से निपटना और रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करना है। इसमे सामरिक युद्धाभ्यास, समुद्री डकैती विरोधी अभियान और अंतर-नौसैनिक संचार प्रशिक्षण शामिल होंगे।



155. भारत के पहले फास्ट-ब्रीडर परमाणु रिएक्टर की कब तक चालू होने की संभावना है ?

A - वर्ष 2026 तक
B - वर्ष 2028 तक
C - वर्ष 2030 तक
D - वर्ष 2025 के अंत मे

तमिलनाडु के कलपक्कम मे स्थित फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (FBR) भारत के तीन चरणों वाले परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के दूसरे चरण की शुरुआत करेगा। BHAVINI द्वारा विकसित यह रिएक्टर यूरेनियम-प्लूटोनियम MOX ईंधन और तरल सोडियम कूलेंट का उपयोग करता है। यह रिएक्टर अधिक ईंधन उत्पन्न करता है और भारत को थोरियम-आधारित तीसरे चरण की ओर ले जाएगा।



156. अभी हाल ही मे किसे "गुरुदेव कालीचरण ब्रह्म पुरस्कार" प्रदान किया गया ?

A - डॉ. आलोक मेहता
B - डॉ. अच्युत सामंत
C - डॉ. सोनम पाराशर
D - डॉ. एम. के. शर्मा

कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी (KIIT) और कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (KISS) के संस्थापक आचार्य अच्युत सामंत को शिक्षा और सामाजिक सशक्तिकरण मे उनके योगदान के लिए गुरुदेव कालीचरण ब्रह्मा पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हे असम के कोकराझार मे गुरुदेव कालीचरण ब्रह्मा ट्रस्ट द्वारा प्रदान किया गया।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

157. अभी हाल ही मे किस राज्य ने कक्षा 1 से 5 तक हिंदी को अब तीसरी भाषा के रूप मे अनिवार्य किया है ?

A - महाराष्ट्र
B - तमिलनाडु
C - उड़ीसा
D - पश्चिम बंगाल

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत महाराष्ट्र सरकार ने शैक्षणिक वर्ष 2025-26 से मराठी और अंग्रेजी माध्यम स्कूलों मे कक्षा 1 से 5 तक हिंदी को अनिवार्य तीसरी भाषा के रूप मे शामिल करने का निर्णय लिया है। यह कदम NEP 2020 के तीन-भाषा फॉर्मूले के अनुरूप है और भाषाई विविधता व राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लिया गया है। अब इन स्कूलों मे छात्रों को मराठी, अंग्रेजी और हिंदी—तीनों भाषाएं पढ़नी होंगी।



158. लॉरियस विश्व खेल पुरस्कार पहली बार कब दिए गए थे ?

A - वर्ष 1996
B - वर्ष 1999
C - वर्ष 2001
D - वर्ष 2000

स्वीडन के पोल वॉल्टर आर्मंड डुप्लांटिस और अमेरिका की जिमनास्ट सिमोन बाइल्स को क्रमशः 2025 के लॉरियस विश्व खेल पुरस्कारों मे सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला खिलाड़ी के रूप मे संम्मानित किया गया। डुप्लांटिस ने टोक्यो और पेरिस ओलंपिक मे पोल वॉल्ट स्पर्धा मे दो स्वर्ण पदक जीतने का कीर्तिमान स्थापित किया। बाइल्स को चौथी बार यह पुरस्कार मिला है



159. अप्रैल 2025 मे जारी IMF रिपोर्ट के अनुसार 2025-26 मे भारत की अर्थव्यवस्था मे कितनी प्रतिशत अनुमानित वृद्धि होने कि उम्मीद है

A - 6.4%
B - 6.2%
C - 7.8%
D - 6.3%

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) ने वैश्विक व्यापार तनाव और अनिश्चितता के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए वित्त वर्ष 2025-26 मे विकास दर पूर्वानुमान को घटाकर 6.2% और 2026-27 मे इसे 6.3% कर दिया है। हालांकि, IMF का मानना है कि भारतीय अर्थव्यवस्था निजी खपत मे वृद्धि और मुद्रास्फीति मे स्थिरता के कारण स्थिर रहेगी। 2025-26 मे खुदरा मुद्रास्फीति 4.2% और 2026-27 मे 4.1% रहने की उम्मीद है




160. आर्यभट्ट उपग्रह प्रक्षेपण के अभी हाल ही मे कितने वर्ष पूर्ण हुए है -

A - 50 वर्ष
B - 60 वर्ष
C - 65 वर्ष
D - 25 वर्ष

19 अप्रैल 2025 को भारत ने अपने पहले स्वदेशी उपग्रह 'आर्यभट्ट' के प्रक्षेपण की 50वीं वर्षगांठ मनाई। 1975 मे लॉन्च हुआ यह उपग्रह ISRO द्वारा विकसित किया गया था और इसका प्रक्षेपण सोवियत संघ की मदद से हुआ। इसका उद्देश्य एक्स-रे खगोलशास्त्र, सौर किरणों का अध्ययन और ऊपरी वायुमंडल का विश्लेषण था। 360 किलोग्राम वजनी यह उपग्रह पृथ्वी की निम्न कक्षा मे स्थापित हुआ और करीब 6 वर्षों तक कार्यरत रहा।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**161. हाल ही मे किस बैंक ने 'ग्राहक मित्र' पहल शुरू की है ?**

A - भारतीय स्टेट बैंक (SBI)
B - सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया (CBI)
C - भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI)
D - पंजाब नेशनल बैंक (PNB)

भारतीय स्टेट बैंक (SBI) ने 'ग्राहक मित्र' नामक एक नई पहल शुरू की है, जिसका उद्देश्य शाखाओं मे भीड़ कम करना और डिजिटल बैंकिंग को बढ़ावा देना है। यह पहल SBI की सहायक कंपनी द्वारा नियुक्त विशेष रूप से प्रशिक्षित कर्मचारियों के माध्यम से लागू की जा रही है, जो ग्राहकों को डिजिटल सेवाओं के उपयोग के लिए मार्गदर्शन करते है।

**162. "वैश्विक व्यापार परिदृश्य और सांख्यिकी रिपोर्ट 2025" किस संस्था द्वारा जारी की गई है ?**



A - विश्व बैंक
B - विश्व व्यापार संगठन (WTO)
C - अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)
D - ओपेक समूह (OPEC)

WTO की 2025 की रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक व्यापार मे केवल 0.2% वृद्धि की उम्मीद है, जो 2024 की 2.9% वृद्धि की तुलना मे काफी कम है। अमेरिका-चीन टैरिफ युद्ध और व्यापारिक तनाव इसके मुख्य कारण बताए गए है। रिपोर्ट मे उत्तरी अमेरिका के निर्यात मे भारी गिरावट, जबकि एशिया और यूरोप मे मामूली वृद्धि का अनुमान है। UNCTAD ने वैश्विक GDP वृद्धि दर 2.3% रहने की भविष्यवाणी की है।

**163. हाल ही मे भारतीय नौसेना द्वारा मरम्मत किया गया मालदीव का तटरक्षक जहाज कौन-सा है ?**



A - MNDF कोशी
B - MNDF हुरवी
C - MNDF मालदीव
D - इनमे से कोई नहीं

भारतीय नौसेना ने मुंबई के नौसेना डॉकयार्ड मे मालदीव के तटरक्षक जहाज एमएनडीएफ हुरवी की सफल मरम्मत की है, जो भारत और मालदीव के बीच मजबूत होते सैन्य सहयोग का प्रतीक है। यह कदम 'पड़ोसी पहले' नीति और MAHASAGAR दृष्टिकोण के तहत उठाया गया, जो SAGAR नीति का विस्तारित रूप है और हिंद महासागर क्षेत्र मे सुरक्षा, सहयोग और समृद्धि को बढ़ावा देने पर केंद्रित है।

**164. अभी हाल ही मे किस राज्य सरकार ने " कलईगनर कैविनाई थिट्टम " योजना शुरू की है -**



A - कर्नाटक
B - महाराष्ट्र
C - पंजाब
D - तमिलनाडु

तमिलनाडु सरकार ने पारंपरिक कारीगरों के विकास हेतु 'कलाईग्नर कैविनाई थिट्टम' योजना शुरू की है, जो 'PM विश्वकर्मा योजना' का समावेशी विकल्प है। यह योजना जाति से परे सभी कारीगरों को समान अवसर देती है और 25 पारंपरिक शिल्पों को संरक्षण, वित्तीय सहायता, विपणन सहयोग और प्रशिक्षण के जरिए सशक्त बनाती है। 19 अप्रैल 2025 को इसकी शुरुआत मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने की।

VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

165. हाल ही मे किस बॉलीवुड अभिनेत्री को फ्रांसीसी लक्जरी ब्रांड 'शनैल' की पहली भारतीय ब्रांड एंबेसडर घोषित किया गया है ?

A - अनन्या पांडे
B - कंगना रनौत
C - प्रियंका चोपड़ा
D - दीपिका पादुकोण

बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे को फ्रांसीसी लक्ज़री फैशन हाउस शनैल का पहला भारतीय ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है। अनन्या की उपस्थिति पेरिस मे शनैल के स्प्रिंग/समर 2025 शो मे उनके ग्लोबल फैशन करियर को और सशक्त बनाती है। 25 साल की अनन्या ने फिल्म इंडस्ट्री के साथ फैशन दुनिया मे भी अपना स्थान बनाया है।



166. केंद्रीय पुरातत्व सलाहकार बोर्ड की स्थापना कब की गयी ?

A - वर्ष - 1945
B - वर्ष - 1948
C - वर्ष - 1955
D - वर्ष – 1956

केंद्रीय पुरातत्व सलाहकार बोर्ड की 38वीं बैठक 23 अप्रैल 2025 को नई दिल्ली मे भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) द्वारा आयोजित की गई, जिसकी मेज़बानी एएसआई के महानिदेशक यदुबीर सिंह ने की। यह बोर्ड 1945 मे गठित हुआ था और हर तीन साल मे संस्कृति मंत्रालय द्वारा पुनः गठित किया जाता है। इसका मुख्य कार्य पुरातत्व, सांस्कृतिक संरक्षण और विरासत अध्ययन मे सहयोग बढ़ाना है।



167. भारत का सबसे बड़ा अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल कहाँ स्थित है ?

A - पुणे, महाराष्ट्र
B - मुंबई, महाराष्ट्र
C - गुना, मध्यप्रदेश
D - आगरा, उत्तरप्रदेश

मुंबई इंटरनेशनल क्रूज़ टर्मिनल (MICT) भारत का सबसे बड़ा और आधुनिक क्रूज़ टर्मिनल है, जिसे 'क्रूज़ भारत मिशन' के तहत विकसित किया गया है। इस मिशन का उद्देश्य भारत को वैश्विक क्रूज़ पर्यटन हब बनाना है, जिसमे 2030 तक 500 क्रूज़ पोतों के आगमन का लक्ष्य रखा गया है। इसे 2024 से 2029 तक तीन चरणों मे लागू किया जाएगा। मिशन मे महासागर, नदी और द्वीपीय क्रूज़ शामिल है।



168. राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस किस तिथि को मनाया जाता है ?

A - 24 अप्रैल
B - 6 मई
C - 20 जून
D - 10 जुलाई

प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी ने 24 अप्रैल 2025 को बिहार के मधुबनी मे राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2025 के विजेताओं को सम्मानित किया। इस दिन की विशेषता यह है कि 1993 मे 73वां संविधान संशोधन लागू होकर पंचायती राज को संवैधानिक दर्जा मिला था। पुरस्कार तीन श्रेणियों मे दिए गए, जिनमे जलवायु कार्रवाई, आत्मनिर्भरता और क्षमता निर्माण शामिल है।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**169. अभी हाल ही मे हिमाचल प्रदेश के अंदर "वॉयस ऑफ किन्नौर" सामुदायिक रेडियो स्टेशन किसके द्वारा लॉन्च किया गया ?**

A - भारतीय सेना
B - भारत सरकार
C - हिमाचल सरकार
D - निम्न मे से कोई नहीं

भारतीय सेना ने हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले मे 'वॉयस ऑफ किन्नौर' नामक सामुदायिक रेडियो स्टेशन की शुरुआत की है। यह ऑपरेशन सद्भावना के अंतर्गत सीमावर्ती क्षेत्रों मे सेना और नागरिकों के बीच सहयोग बढ़ाने की पहल है। यह स्टेशन स्थानीय संस्कृति, परंपरा और बोली के संरक्षण के साथ युवाओं, महिलाओं और सेब किसानों को अपनी बात रखने का मंच देगा।



**170. हाल ही मे "पूर्वोत्तर भारत का बुद्ध धर्म और संस्कृति" विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन कहाँ आयोजित किया गया ?**

A - शिलांग, मेघालय
B - नामसाई, अरुणाचल प्रदेश
C - गुवाहाटी, असम
D - ईटानगर, अरुणाचल प्रदेश

अरुणाचल प्रदेश के नामसाई मे "पूर्वोत्तर भारत का बुद्ध धर्म और संस्कृति" विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित हुआ, जिसका उद्घाटन उपमुख्यमंत्री चौना मीन ने किया। यह सम्मेलन संस्कृति मंत्रालय, अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ और महाबोधि मैत्री मंडल के सहयोग से हुआ। इसका उद्देश्य अरुणाचल की बौद्ध विरासत को वैश्विक मंच पर लाना था।



**171. अभी हाल ही मे किस राज्य ने 'बाबा अभयारण्य बफर जोन' मे विकास योजना को मंजूरी दी है ?**

A - मध्य प्रदेश
B - राजस्थान
C - छत्तीसगढ़
D - गुजरात

मध्य प्रदेश सरकार ने 'बाघ अभयारण्य बफर ज़ोन विकास योजना' को मंजूरी दी है, जिसका उद्देश्य बाघों के बफर क्षेत्रों का समग्र विकास करना है। ₹145 करोड़ की यह योजना 2025-26 से 2027-28 तक लागू रहेगी। इसमे अवैध घुसपैठ रोकने के लिए चेन-लिंक फेसिंग, घास के मैदान, जल स्रोत, और वन्यजीवों के लिए चिकित्सा सेवाएं शामिल है। यह योजना जैव विविधता संरक्षण, पर्यटन, रोजगार और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगी।



**172. अभी हाल ही मे किसे लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया जायेगा ?**

A - कुमार मंगलम बिड़ला
B - गौतम अडानी
C - रजत शर्मा
D - नितिन गडकरी

कुमार मंगलम बिड़ला को 24 अप्रैल 2024 को लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा, उनके आर्थिक नेतृत्व और विविध क्षेत्रों मे योगदान के लिए। यह आयोजन पंडित दीनानाथ मंगेशकर की 83वीं पुण्यतिथि पर मुंबई मे होगा। इस मौके पर श्रद्धा कपूर, सुनील शेट्टी और डॉ. एन. राजम को भी सम्मानित किया जाएगा।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**173. 2025-26 तक राष्ट्रीय शून्य खसरा रूबेला उन्मूलन अभियान किसने शुरू किया ?**

A - अमित शाह
B - निर्मला सीतारमण
**C - जगत प्रकाश नड्डा**
D - एस. जयशंकर

भारत सरकार ने 24 अप्रैल 2025 को राष्ट्रीय शून्य खसरा-रूबेला उन्मूलन अभियान की शुरुआत की, जिसका लक्ष्य 2026 तक इन बीमारियों का उन्मूलन है। यह अभियान विश्व टीकाकरण सप्ताह के तहत शुरू हुआ और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा ने इसका उद्घाटन किया। देश के कई जिलों मे खसरा और रूबेला के नए मामले नहीं आए है। 9-12 और 16-24 महीने के बच्चों को दो खुराकों मे मुफ्त टीका दिया जा रहा है।




**174. भारत व पाकिस्तान के मध्य सिंधु जल संधि कब हस्ताक्षरित हुई थी ?**

A - 6 जुलाई, 1956
**B - 19 सितंबर, 1960**
C - 20 मार्च, 1963
D - 25 अप्रैल, 1970

भारत सरकार ने 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम मे हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि को अस्थायी रूप से निलंबित करने का निर्णय लिया। इस हमले मे 26 लोग मारे गए और 17 घायल हुए। भारत ने पाकिस्तान को यह सूचना दी कि यह निलंबन तब तक रहेगा जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद को रोकने के लिए ठोस कदम नहीं उठाता।



**175. किस भारतीय व्यवसायी को हाल ही मे विश्व बैकं की निजी क्षेत्र निवेश प्रयोगशाला का सदस्य बनाया गया है ?**

A - गौतम अडानी
B - मुकेश अंबानी
C - अमन गोयल
**D - सुनील भारती मित्तल**

सुनील भारती मित्तल, जो भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक और अध्यक्ष है, को 23 अप्रैल 2025 को विश्व बैकं की निजी क्षेत्र निवेश प्रयोगशाला पहल मे शामिल किया गया। यह पहल विकासात्मक चुनौतियों से निपटने के लिए निजी पूंजी जुटाने के उद्देश्य से 2023 मे शुरू की गई थी। भारती एंटरप्राइजेज, टाटा संस के बाद इस पहल मे शामिल होने वाली दूसरी भारतीय कंपनी है।



**176. स्वामित्व योजना (SVAMITVA) की शुरुआत कब हुई थी ?**

**A - 24 अप्रैल, 2020**
B - 24 अप्रैल, 2021
C - 24 अप्रैल, 2022
D - 24 अप्रैल, 2023

स्वामित्व योजना (SVAMITVA Scheme) के क्रियान्वयन के पाँच वर्ष 24 अप्रैल 2025 को पूरे हो गए। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों मे संटीक भूमि अभिलेखों का निर्माण और संपत्ति विवादों को कम करना है। इसके तहत ड्रोन सर्वेक्षण और डिजिटल मानचित्रण के माध्यम से भूमि सीमांकन किया जा रहा है। 2 अप्रैल 2025 तक 3.20 लाख गाँवों मे ड्रोन सर्वे किए गए, जो 68,122 वर्ग किमी क्षेत्र को कवर करते है।




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**177. 2025 सऊदी अरब ग्रैंड प्रिक्स किस ड्राइवर ने जीता ?**

A - लुईस हैमिल्टन
B - जॉर्ज बुश
C - चार्ल्स वेबेज
**D - ऑस्कर पियास्त्री**

ऑस्ट्रेलियाई ड्राइवर ऑस्कर पियास्त्री ने 2025 सऊदी अरब ग्रां प्री मे जीत हासिल की, जो जेद्दा कॉर्नीश सर्किट पर आयोजित हुई। उन्होंने मैकलारेन टीम के लिए पहला स्थान हासिल किया, जबकि रेड बुल के मैक्स वेरस्टैपेन दूसरे और चार्ल्स लेक्लर तीसरे स्थान पर रहे। फॉर्मूला वन चैंपियनशिप के इस मुकाबले का संचालन FIA द्वारा किया जाता है। पियास्त्री की यह जीत उनके करियर की एक बड़ी उपलब्धि रही और इस रेस ने रेसिंग प्रेमियों को रोमांचित कर दिया।



**178. I Am Circular' कॉफी टेबल बुक का विमोचन किस मंत्रालय द्वारा किया गया ?**

**A - प्रौद्योगिकी मंत्रालय**
B - पर्यावरण मंत्रालय
C - विदेश मंत्रालय
D - ग्रह मंत्रालय

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MEITY) ने इंटरनेशनल काउंसिल फॉर सर्कुलर इकोनॉमी (ICCE) द्वारा संपादित 'I Am Circular' कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया। यह पुस्तक भारत की 30 प्रमुख सर्कुलर इकोनॉमी पहलों को उजागर करती है और टिकाऊ विकास को बढ़ावा देती है। इसमे ई-कचरा पुनर्चक्रण, हरित सामग्री, डिजिटल रिपेयर, बायोडिग्रेडेबल पैकेजिंग, स्मार्ट सप्लाई चेन, सर्कुलर टेक्सटाइल और कचरे से ऊर्जा उत्पादन जैसे नवाचारों को शामिल किया गया है।




**179. CIFEJ का मुख्यालय कहाँ स्थित है ?**

A - पेरिस, फ्रांस
B - न्यूयॉर्क, अमेरिका
**C - एथेसं, ग्रीस**
D - जेनेवा, स्विट्जरलैंड

भारतीय फिल्म निर्माता जितेन्द्र मिश्रा को इंटरनेशनल सेंटर ऑफ फिल्म्स फॉर चिल्ड्रन एंड यंग पीपल (CIFEJ) का अध्यक्ष चुना गया है, जिनका कार्यकाल 2025 से 2027 तक रहेगा। वे SIFFCY फेस्टिवल के डायरेक्टर भी है और बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण सिनेमा के प्रचार मे सक्रिय रहे है। CIFEJ, एथेसं (ग्रीस) स्थित यूनेस्को समर्थित संगठन है, जो बच्चों और युवाओं के लिए उच्च गुणवत्ता वाली फिल्मों को बढ़ावा देता है



**180. टाइम्स हायर एजुकेशन की एशियाई विश्वविद्यालय रैंकिंग 2025 मे भारत के किस विश्वविद्यालय को सर्वश्रेष्ठ भारतीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिया गया ?**

**A - IISC बैंगलोर**
B - IIT दिल्ली
C - JNU दिल्ली
D - राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर

टाइम्स हायर एजुकेशन एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2025 मे भारतीय विज्ञान संस्थान (IISC) बेंगलुरु को भारत का शीर्ष विश्वविद्यालय घोषित किया गया, जिसे एशिया मे 38वां स्थान मिला। चीन का सिंघुआ विश्वविद्यालय एशिया मे प्रथम रहा। रैंकिंग मे 35 देशों के 853 विश्वविद्यालयों को 18 प्रदर्शन संकेतकों के आधार पर आंका गया। भारत के शीर्ष 5 संस्थानों मे IISC बेंगलुरु, अन्ना विश्वविद्यालय चेन्नई, IIT इंदौर और महात्मा गांधी विश्वविद्यालय केरल शामिल है।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

181. सुफलम 2025 का उद्घाटन किसने किया ?




A - चिराग पासवान
B - नरेंद्र मोदी
C - निर्मला सीतारमण
D - मनोहर लाल खट्टर

राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता और प्रबंधन संस्थान (निफ्टेम) ने 25-26 अप्रैल 2025 को सोनीपत मे सुफलम 2025 के दूसरे संस्करण की मेजबानी की, जिसका उद्घाटन केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने किया। सम्मेलन का उद्देश्य खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र मे नवाचार, उद्यमिता और सहयोग को बढ़ावा देना था। 23 राज्यों के 250 से अधिक स्टार्टअप्स ने इसमे भाग लिया।

182. भारत व पाकिस्तान ने शिमला समझौते पर हस्ताक्षर कब किए थे ?



A - 2 जुलाई, 1972
B - 3 जुलाई, 1973
C - 6 मार्च, 1971
D - 11 जून, 1978

पाकिस्तान सरकार ने भारत द्वारा 1960 की सिंधु जल संधि को निलंबित करने के जवाब मे कई कड़े कदम उठाए है, जिसमे 1972 का शिमला समझौता निलंबित करना, द्विपक्षीय व्यापार को रोकना, और भारतीय उच्चायोग मे कर्मचारियों की संख्या घटाना शामिल है। पाकिस्तान ने भारतीय नागरिकों के लिए सार्क वीज़ा स्थगित कर दिया, भारतीय सैन्य अताशे को अवांछित व्यक्ति घोषित किया, और वाघा-अटारी सीमा के माध्यम से व्यापार बंद कर दिया।

183. भारत स्टील प्रदर्शनी सह सम्मेलन 2025 के 6वे संस्करण का उद्घाटन किसने किया ?



A - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी
B - गृहमंत्री अमित शाह
C - विदेश मंत्री - एस. जयशंकर
D - वित्तमंत्री - निर्मला सीतारमण

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने 24 अप्रैल 2025 को मुंबई मे आयोजित इंडिया स्टील 2025 के 6वे संस्करण का वर्चुअल उद्घाटन किया। यह सम्मेलन 24-26 अप्रैल 2025 तक चल रहा है और इसका विषय "स्टील के भविष्य को आकार देना" है। इसमे 15 देशों के 250 से अधिक प्रदर्शक भाग ले रहे है और भारत, दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कच्चा इस्पात उत्पादक देश है।

184. अभी हाल ही मे कृष्णास्वामी कस्तूरीरंगन का निधन हुआ वह किस संस्था के प्रमुख रहे थे ?



A - नीति आयोग
B - ISRO
C - DRDO
D - वित्त मंत्रालय

इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. कृष्णस्वामी कस्तूरीरंगन का 25 अप्रैल 2025 को 84 वर्ष की आयु मे बेंगलुरु मे निधन हो गया। 1994-2003 तक इसरो प्रमुख रहते हुए उन्होंने भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उनके कार्यकाल मे IRS-1A उपग्रह लॉन्च हुआ, PSLV पूरी तरह से परिचालित हुआ और GSLV का पहला सफल परीक्षण हुआ।

VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

185. अभी हाल ही मे बोइंग इंडिया इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी सेटंर (BIETC) का नया उपाध्यक्ष किसे नियुक्त किया है ?

A - स्टेसी साइर | B - रोहिणी शर्मा

C - नताशा दुरांत | D - निशा जांगिड़

बोइंग इंडिया इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी सेटंर (BIETC) ने स्टेसी साइर को अपना नया उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है। स्टेसी साइर बोइंग मे 28 साल पहले शामिल हुई थीं और बोइंग 787 कार्यक्रम मे महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुकी है। उन्होंने जॉर्जिया यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी से सिविल इंजीनियरिंग मे स्नातक किया है और वाशिंगटन यूनिवर्सिटी से मैकेनिकल इंजीनियरिंग मे MBA किया है।




186. अभी हाल ही मे चर्चा मे रहा "आक्रमण" अभ्यास किससे संबंधित है ?

A - थल सेना | B - वायु सेना

C - नेवी अभ्यास | D - उपरोक्त मे से कोई नहीं

भारतीय वायुसेना ने हाल ही मे 'आक्रमण' नामक एक बड़े स्तर का युद्धाभ्यास किया, जिसका उद्देश्य विभिन्न युद्ध परिदृश्यों मे वायुसेना की त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता का परीक्षण करना था। इस अभ्यास मे राफेल और सुखोई-30 MKI जैसे अत्याधुनिक विमान शामिल हुए। राफेल लंबी दूरी तक सटीक हमले करने मे संक्षम है और मौसम की किसी भी स्थिति मे ऑपरेशन कर सकता है



187. फिल्म निर्माता पायल कपाड़िया को किस अंतर्राष्ट्रीय सम्मान से नवाजा गया है ?

A - साहित्य लेखन सम्मान | B - UNO सम्मान

C - फ्रांसीसी सम्मान | D - जर्मनी चांसलर सम्मान

पायल कपाड़िया, मुंबई की फिल्म निर्माता, को फ्रांसीसी सरकार द्वारा "ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ आर्ट्स एंड लेटर" से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हे सिनेमा मे उनके असाधारण योगदान के लिए दिया गया है, और इससे पहले अमिताभ बच्चन, शाहरुख खान और लता मंगेशकर जैसे महान कलाकार भी सम्मानित हो चुके है। यह समारोह मुंबई के फ्रांसीसी निवास मे आयोजित हुआ था।



188. कौनसा देश 2027 मे फीफा महिला विश्व कप के 10वे संस्करण की मेजबानी करेगा ?

A - ब्राजील | B - कनाडा

C - ऑस्ट्रेलिया | D - जर्मनी

2027 फीफा महिला विश्व कप का मेज़बान देश ब्राजील को घोषित किया गया है, और यह पहली बार होगा जब कोई दक्षिण अमेरिकी देश इस टूर्नामेंट की मेज़बानी करेगा। बैंकॉक, थाईलैंड मे आयोजित फीफा कांग्रेस मे ब्राजील ने बेल्जियम, नीदरलैंड और जर्मनी की संयुक्त बोली को हराया। ब्राजील को 119 वोट मिले, जबकि संयुक्त बोली को 78 वोट मिले।




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**189. परमाणु ऊर्जा मे भारत कितने प्रतिशत विदेशी निवेश की हिस्सेदारी की अनुमति देने की योजना बना रहा है ?**

A - 51% B - 49%

C - 39% D - 41%

भारत अपने परमाणु ऊर्जा संयंत्रों मे विदेशी कंपनियों को 49% तक हिस्सेदारी लेने की अनुमति देने पर विचार कर रहा है, जो स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने और कोयले पर निर्भरता को कम करने की सरकार की व्यापक रणनीति का हिस्सा है। इसके तहत, सरकार परमाणु क्षेत्र के प्रमुख विधानों मे संशोधन करने की योजना बना रही है ताकि इस क्षेत्र को विदेशी निवेशकों और घरेलू निजी कंपनियों के लिए जुलाई 2025 तक खोला जा सके।



**190. अभी हाल ही मे RBI ने अप्रैल 2025 मे इंडियन ओवरसीज बैकं पर कितना मौद्रिक जुर्माना लगाया है ?**

A - 70 लाख B - 90 लाख

C - 63.60 लाख D - 59.80 लाख

टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (TPREL) और NTPC लिमिटेड ने 200 मेगावाट की स्वच्छ ऊर्जा परियोजना विकसित करने के लिए विद्युत खरीद समझौते (PPA) पर हस्ताक्षर किए है। यह परियोजना भारत के विभिन्न स्थानों पर फैली होगी और इसे 24 महीने मे पूरा करने की योजना है। इस परियोजना से TPREL की अक्षय ऊर्जा क्षमता 10.9 गीगावाट तक बढ़ जाएगी और हर साल लगभग 1,300 मिलियन यूनिट (MU) विद्युत उत्पन्न होगी।




**191. अभी हाल ही मे भारत के किस राज्य मे अफ्रीकी स्वाइन फीवर का प्रकोप देखा गया ?**

A - मिजोरम B - मेघालय

C - तमिलनाडु D - उड़ीसा

मिजोरम मे अफ्रीकी स्वाइन फीवर (ASF) का प्रकोप एक गंभीर संकट बन गया है, जिससे मार्च 2024 से अब तक 3,050 से अधिक सूअरों की मौत हो चुकी है। यह बीमारी राज्य मे पहली बार 2021 मे सामने आई थी और तब से लगातार बनी हुई है। राज्य सरकार ने सियाहा, लाँगटलाई, लुंगलेई और ममित जिलों को संक्रमित क्षेत्र घोषित किया है। संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए इन क्षेत्रों मे लगभग 1,000 सूअरों को एहतियातन मारना पड़ा है।



**192. अभी हाल ही मे किस राज्य को पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क के लिए मंजूरी मिली है ?**

A - मध्यप्रदेश B - उत्तरप्रदेश

C - झारखंड D - पं. बंगाल

प्रधानमंत्री मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल (पीएम मित्र) योजना के तहत मध्यप्रदेश के धार जिले के बड़वानी गाँव मे एंक नया पीएम मित्र पार्क स्थापित किया जाएगा। यह पार्क देश मे स्वीकृत सात पीएम मित्र पार्कों मे से एक है, जिसे भारतीय वस्त्र उद्योग को सशक्त करने के उद्देश्य से विकसित किया जा रहा है।




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**193. विश्व टीकाकरण सप्ताह 2025 कब मनाया जा रहा है ?**

A - 24 - 30 अप्रैल
B - 10 - 20 अप्रैल
C - 20 - 25 अप्रैल
D - 1 - 6 मई

विश्व टीकाकरण सप्ताह 2025 हर साल की तरह इस वर्ष भी 24 से 30 अप्रैल के बीच मनाया जा रहा है। इस सप्ताह का मुख्य उद्देश्य लोगों को टीकों के माध्यम से गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखने और टीकाकरण के महत्व को लेकर जागरूकता फैलाना है। वर्ष 2025 की थीम "सभी के लिए टीकाकरण मानवीय रूप से संभव है" है, जो दर्शाती है कि इच्छाशक्ति और संसाधनों के माध्यम से हर व्यक्ति तक टीकाकरण पहुंचाया जा सकता है।




**194. अभी हाल ही मे घोषित सिमलीपाल राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य मे अवस्थित है ?**

A - आंध्र प्रदेश
B - ओडिशा
C - बिहार
D - झारखंड

ओडिशा सरकार ने 24 अप्रैल 2025 को सिमलीपाल को भारत का 107वां और राज्य का सबसे बड़ा राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया, जो जैव विविधता संरक्षण की दिशा मे एंक ऐतिहासिक कदम है। यह उद्यान मयूरभंज जिले मे स्थित है और 845.70 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल मे फैला हुआ है। सिमलीपाल से बूढ़ाबलंगा, सालंदी नदी और पंचिंगी नाला जैसे जलस्रोत प्रवाहित होते है, जो इसे पारिस्थितिक रूप से समृद्ध बनाते है।




**195. भारत मे 5वी समुद्री जनगणना कब शुरू की गई ?**

A - 28 अप्रैल 2025
B - 28 दिसंबर 2024
C - 1 अप्रैल 2025
D - 6 मार्च 2025

भारत सरकार ने 28 अप्रैल 2025 को मुंबई मे आयोजित तटीय मत्स्य पालन सम्मेलन के दौरान 5वीं समुद्री जनगणना का औपचारिक शुभारंभ किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह ने "व्यास-NAV" नामक एक डिजिटल मोबाइल एप्लिकेशन लॉन्च किया, जिसे ICAR-केंद्रीय समुद्री मत्स्य अनुसंधान संस्थान (CMFRI), कोच्चि द्वारा विकसित किया गया है।



**196. विश्व टेबल टेनिस (WTT) का गठन कब किया गया था ?**

A - वर्ष 2015
B - वर्ष 2016
C - वर्ष 2018
D - वर्ष 2019

भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ियों मानुष शाह और दीया चितले ने 2025 WTT कंटेडंर ट्यूनिस टूर्नामेंट मे शानदार प्रदर्शन करते हुए मिश्रित युगल खिताब जीत लिया। यह प्रतियोगिता 20 से 27 अप्रैल तक ट्यूनिस, ट्यूनिशिया मे आयोजित की गई थी, जिसमे कुंल पुरस्कार राशि 1 लाख अमेरिकी डॉलर थी। यह भारतीय जोड़ी 2021 के बाद इस स्तर पर खिताब जीतने वाली दूसरी भारतीय जोड़ी बनी, जब मनिका बत्रा और साथियान ज्ञानसेकरन ने बुडापेस्ट मे खिताब जीता था।




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**197. द्वितीय एशियाई योगासन खेल चैंपियनशिप 2025 मे भारत ने कुल कितने पदक जीते ?**




**A - 87**     B - 83

C - 88     D - 71

भारत ने दूसरी एशियाई योगासन खेल चैंपियनशिप 2025 मे शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 87 पदक जीते, जिनमे 83 स्वर्ण, 3 रजत और 1 कांस्य शामिल है। भारत पदक तालिका मे पहले स्थान पर रहा, जबकि जापान और मंगोलिया क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। यह प्रतियोगिता 25 से 27 अप्रैल 2025 तक नई दिल्ली के इंदिरा गांधी खेल परिसर मे आयोजित की गई।

**198. अप्रैल 2025 मे जारी विश्व बैकं की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार भारतीय जनसँख्या का कितना प्रतिशत अत्यधिक गरीबी स्तर से नीचे था ?**



**A - 2.3%**     B - 16%

C - 6%     D - 6.9%

विश्व बैकं की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने पिछले एक दशक मे अत्यधिक गरीबी को कम करने मे महत्वपूर्ण प्रगति की है। वर्ष 2011-12 मे जहां अत्यधिक गरीबी की दर 16.2% थी, वह 2022-23 मे घटकर मात्र 2.3% रह गई है, जिससे लगभग 17.1 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठ चुके है। ग्रामीण क्षेत्रों मे यह दर 18.4% से घटकर 2.8% और शहरी क्षेत्रों मे 10.7% से घटकर 1.1% रह गई।

**199. अभी हाल ही मे, भारत सरकार के किस मंत्रालय के द्वारा भारतीय साइबर अपराध समन्वय केद्रं (I4C) को PMLA ACT- 2002 की धारा 66 के अंतर्गत शामिल करने हेतु अधिसूचना जारी की गई है ?**



**A - वित्त मंत्रालय**     B - गृह मंत्रालय

C - विदेश मंत्रालय     D - पंचायती राज मंत्रालय

हाल ही मे केद्रीय वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग ने एक अधिसूचना जारी कर भारतीय साइबर अपराध समन्वय केद्रं (I4C) को धन-शोधन निवारण अधिनियम (PMLA), 2002 की धारा 66 के तहत शामिल किया है। इस कदम से I4C को प्रवर्तन निदेशालय (ED) और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ साइबर अपराधों से संबंधित वित्तीय मामलों मे सूचना साझा करने का अधिकार प्राप्त होगा।

**200. भारत सरकार द्वारा इंडिया एआई मिशन कब शुरू किया गया था ?**




A - 6 मार्च 2020     **B - 7 मार्च 2024**

C - 9 मार्च 2021     D - 10 मार्च 2015

भारत सरकार ने 'भारत AI मिशन' के तहत देश का पहला स्वदेशी बड़ा भाषा मॉडल (LLM) विकसित करने के लिए बेंगलुरु स्थित स्टार्टअप 'सर्वम AI' का चयन किया है। यह चयन कुल 67 आवेदनों मे से किया गया है, और स्टार्टअप को 6 महीने मे यह मॉडल तैयार करने का कार्य सौंपा गया है। यह मॉडल पूरी तरह से भारत मे विकसित होगा और स्थानीय इंजीनियरों व संसाधनों का उपयोग करेगा।

VISIT OUR WEBSITE